Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 214 | मंगलवार, 05 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कुलगाम में मुठभेड़ जारी

# सुरक्षाबलों ने इलाका घेरा अब तक दो दहशतगर्द ढेर

**श्रीनगर।**

जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई इस मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। चार जवान घायल हुए हैं। यह अभियान दुर्गम जंगली इलाके में चलाया जा रहा है। इसमें रुद्र हेलीकॉप्टर, ड्रोन और विशिष्ट अर्धसैनिक बल सक्रिय रूप से शामिल हैं। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच लगातार चौथे दिन मुठभेड़ जारी रही। दहशतगर्दों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी है। सोमवार को दिन भर अखल के जंगल में भीषण फायरिंग और गोले दागने की आवाजें गूंजती रहीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस ऑपरेशन में थोड़ा और समय लग सकता है, क्योंकि इलाका घने जंगल वाला है। आतंकियों के ऊंचाई पर होने के कारण सुरक्षाबलों को टारगेट तय करना चुनौती बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा घेरे में फंसे आतंकी पाकिस्तानी हो सकते हैं, जो अति प्रशिक्षित हैं। इनकी तलाश में सेना ड्रोन, हेलीकॉप्टर सहित अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर रही है। घने जंगल में छिपे आतंकवादियों को ढेर करने के लिए रॉकेट लांचर भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। सेना की स्पेशल पैरा फोर्स भी इस ऑपरेशन में शामिल है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब आठ बजे जिले के देवसर में अखल के जंगल में चार-पांच आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना की नौ राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), जम्मू कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सीआरपीएफ के जवानों ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। छिपे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों तरफ से फायरिंग हुई, लेकिन आतंकी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में भाग निकले थे। बता दें कि यह घाटी में पिछले कुछ दिनों में दूसरा ऑपरेशन है। इससे पूर्व श्रीनगर के दाछीगाम में एक ऑपरेशन के दौरान लश्कर के कमांडर सहित तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया। इनसे एक एम4 कारबाइन असाल्ट राइफल सहित दो एके47 राइफल और अन्य हथियार व गोला बारूद किया गया। कुलगाम में दहशतगर्दों के खिलाफ जारी ऑपरेशन बीते एक साल के ऑपरेशनों में सबसे लंबा चला है।



### ऑपरेशन में हेलीकॉप्टर और ड्रोन की भी ली जा रही मदद

जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई इस मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। चार जवान घायल हुए हैं। यह अभियान दुर्गम जंगली इलाके में चलाया जा रहा है। इसमें रुद्र हेलीकॉप्टर, ड्रोन और विशिष्ट अर्धसैनिक बल सक्रिय रूप से शामिल हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी और कड़ी कर दी है। वरिष्ठ पुलिस और सेना के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

# जाति-धर्म आधारित कार्रवाई पर सीएम योगी का एक्शन



**लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायती राज विभाग द्वारा जारी उस विवादास्पद आदेश पर सख्त नाराजगी जताई है, जिसमें ग्रामसभा की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही को जाति विशेष (यादव) और धर्म विशेष (मुस्लिम) से जोड़कर निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए संबंधित संयुक्त निदेशक एसएन सिंह को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि इस प्रकार की भाषा और सोच न केवल शासन की नीतियों के विरुद्ध है, बल्कि समाज में विभाजन पैदा करने वाली है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध कब्जों के खिलाफ कार्यवाही पूरी निष्पक्षता, तथ्यों और कानून के अनुसार होनी चाहिए, न कि जाति या धर्म के आधार पर। उन्होंने अधिकारियों को इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति नहीं होने देने की चेतावनी भी दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि सरकार समरसता, सामाजिक न्याय और सबके समान अधिकारों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार की नीतियां किसी व्यक्ति, समुदाय या वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह से प्रेरित नहीं हो सकतीं। हमारी प्रतिबद्धता संविधान और न्याय की मूल भावना के प्रति है।

### पंचायती राज विभाग के संयुक्त निदेशक निलंबित

# विराट-रोहित नहीं, बुमराह भी 3 टेस्ट खेले



**नई दिल्ली।**

द ओवल मैदान पर खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 6 रन से जीत हासिल करने के बाद पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा कि शुभमन गिल की कप्?तानी वाली टीम ने बदलाव के दौर से गुजरने के बावजूद अपनी असली क्षमता का प्रदर्शन करके सभी संदेहों को दूर कर दिया है।

दूसरी पारी में 374 रन चेज करने उतरी इंग्लैंड टीम 367 रन ही बना सकी। सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट चटकाए। 6 रनों से मिली यह जीत भारत की टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम अंतर से मिली जीत भी है। वरुण आरोन ने कहा, ₹असाधारण उपलब्धि, खासकर जब टीम बदलाव के दौर से गुजर रही हो। किसने सोचा था कि बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम इस तरह का प्रदर्शन करेगी? यह एक बहुत ही खास जीत थी। आरोन ने कहा, ₹सिराज ने अविश्वसनीय गेंदबाजी की। 80 ओवर पुरानी ड्यूक्स गेंद से सब कुछ दांव पर लगा था। इस जीत के लिए इतना दिल, इतना समर्पण। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए यह एक महत्वपूर्ण टेस्ट जीत है, खासकर इसलिए क्योंकि शुभमन गिल के नेतृत्व में यह पहली जीत थी।

# ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी होंगे सम्मानित


**नई दिल्ली।**

जीएमसी बालयोगी सभागार में होने वाली बैठक में एनडीए के सभी सांसदों को अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। एनडीए संसदीय दल की बैठक मंगलवार सुबह 9:30 बजे बुलाई गई है।

इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद पीएम मोदी एनडीए सांसदों को संबोधित भी करेंगे। मानसून सत्र के दौरान एनडीए की इस पहली बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। बैठक ऐसे समय हो रही है जब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर दोनों सदनों में विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज नहीं हो रहा। जीएमसी बालयोगी सभागार में होने वाली बैठक में एनडीए के सभी सांसदों को अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।



गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर पर बीते हफ्ते संसद के दोनों सदनों में दो दिनों की विशेष चर्चा संपन्न हो चुकी है। चर्चा के दौरान जहां विपक्ष ने अचानक संघर्ष विराम को ले कर सरकार पर सवाल उठाए वहीं पहलगाम आतंकी हमला मामले में हुई सुरक्षा चूक पर भी जिम्मेदारी तय करने की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। इसके बाद से ही अटकलों का बाजार गर्म है। सरकार ने 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को रद्द करने के साथ जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बदलने का विधेयक पेश किया था।



# मुंबई में कबूतरों को दाना खिलाने पर रोक, विरोध प्रदर्शन तेज

**नई दिल्ली।**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बीएमसी को निर्देश दिया है कि वह उन नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे जो प्रतिबंध के बावजूद कबूतरों को दाना खिला रहे हैं - जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने बीएमसी को आदेश लागू करने को कहा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बीएमसी को निर्देश दिया है कि वह उन नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे जो प्रतिबंध के बावजूद कबूतरों को दाना खिला रहे हैं - जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने बीएमसी को आदेश लागू करने को कहा है। मुंबई में कबूतरखानों और अन्य जगहों पर कबूतरों को दाना डालना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। जैन धर्मगुरुओं समेत 1,000 से ज्यादा नागरिकों ने शहर में कबूतरों को दाना डालने पर लगे प्रतिबंध के विरोध में कोलाबा जैन मंदिर से गेटवे ऑफ इंडिया तक विरोध मार्च निकाला।

## सीएम नीतीश कुमार का ऐलान

# बिहार में शिक्षक बहाली में लागू होगी डोमिसाइल पॉलिसी



**नई दिल्ली।**

नीतीश ने पर एक पोस्ट में कहा नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से, हम शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक बड़े नीतिगत बदलाव की घोषणा की जिसका उद्देश्य भविष्य में शिक्षक भर्ती में राज्य के निवासियों को प्राथमिकता देना है। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। नीतीश ने पर एक पोस्ट में कहा नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से, हम शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा विभाग को शिक्षक नियुक्तियों में बिहार के निवासियों को वरीयता देने के लिए संबंधित नियमों में संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने लिखा, ₹यह टीआरई-4 से लागू होगा। टीआरई-4 वर्ष 2025 में और टीआरई-5 वर्ष 2026 में आयोजित किया जाएगा।₹ नीतीश ने यह भी पुष्टि की कि एसटीईटी परीक्षा टीआरई-5 से पहले आयोजित की जाएगी। यह घोषणा राज्य द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत लगभग 1.86 करोड़ उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने की योजना को लागू करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। इससे पहले नीतीश कुमार सरकार ने शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना कर दिया।

यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब राज्य में विधानसभा चुनाव होने में कुछ महीने शेष हैं। मुख्यमंत्री कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत काम करने वाले रसोइयों को अब 1,650 रुपये के बजाय 3,300 रुपये प्रति माह मिलेंगे। रात्रि प्रहरियों का मानदेय दोगुना करके 10,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है।

# गावों के विकास के लिए नाबार्ड ने दिए 1.59 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पिछले तीन वित्त वर्षों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य सरकारों को कर्ज सहायता के रूप में 1.59 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। इसमें से 1.23 लाख करोड़ रुपये नाबार्ड के ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष (आरआईडीएफ) के माध्यम से और 36,439 करोड़ रुपये वित्तीय संस्थान की अन्य योजनाओं के तहत दिए गए हैं। एक अन्य साल के जवाब में वित्त मंत्री ने बताया कि नाबार्ड ने अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत 6,215 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन को बढ़ावा दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में कहा कि सरकार वित्तीय समावेशन को मजबूत करने और सभी नागरिकों तक बुनियादी बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरूआत ने बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। अब तक पीएमजेडीवाई के तहत 55.90 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं।

### निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किए आंकड़े



## संपादक की कलम से

# चुनाव आयोग की गिरफ्त में

भारत का चुनाव आयोग उपहास का पात्र नहीं है। उस पर राजनीतिक आरोप चस्पां करना बेवकूफी है। चुनाव आयोग की भूमिका तटस्थ और निष्पक्ष है, यह विश्व के कई देश सत्यापित कर चुके हैं। वह देश के चुनावों का संचालक है, जो पार्षद-विधायक से मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद से प्रधानमंत्री तक का निर्णायक निर्वाचन तय करता है। चुनाव आयोग कांग्रेसी अथवा भाजपाई या वामपंथी नहीं हो सकता। उसके



ललित शर्मा
संपादक

फैसलों और अभियानों पर सवाल उठाए जा सकते हैं, आपत्तियां जताई जा सकती हैं, लेकिन किसी एटम बम से उसके अस्तित्व के खात्मे की प्रहारात्मक धमकी नहीं दी जानी चाहिए। यह संवैधानिक अपराध भी है। बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया गया। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सार्वजनिक की गई है। खुद चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 65.44 लाख से अधिक नाम काट दिए गए हैं, लिहाजा अब कुल मतदाता 7.24 करोड़ रह गए हैं। पहले मतदाताओं की संख्या 7.89 करोड़ से अधिक थी। नाम कटने का आंकड़ा बहुत बड़ा है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत का दखल निश्चित है। खुद अदालत ने ऐसे दखल की बात कही थी। जब 12-13 अगस्त को सुनवाई होगी, तब चुनाव आयोग जवाबदेह होगा कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाता क्यों हटाए गए? मतदाता हटाने का मतलब है किसी का मताधिकार छीनना। भारतीय लोकतंत्र और संविधान में मताधिकार छीना नहीं जा सकता, क्योंकि यह एक संवैधानिक, मौलिक अधिकार है। मताधिकार के जरिए ही लोकतांत्रिक सत्ताएं चुनी जाती हैं। जनमत ही लोकतंत्र की बुनियाद है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के मद्देनजर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बाकायदा मीडिया ब्रीफिंग करते हुए चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। आयोग स्पष्ट करे कि उनका नाम क्यों कटा? अब वह चुनाव कैसे लड़ पाएंगे? तेजस्वी ने मतदाता पहचान पत्र का जो एपिक नंबर बताया, वह अधिकृत नहीं था। चुनाव आयोग ने तुरंत पलटवार कर तेजस्वी के भ्रामक दुष्प्रचार को बेनकाब कर दिया। चुनाव आयोग ने उनके मतदाता पहचान पत्र का क्रमांक और एपिक नंबर का खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने इसी एपिक नंबर के आधार पर 2015, 2020 के चुनावी नामांकन दाखिल किए थे और वह विधायक चुने गए थे। उसी आधार पर वह उपमुख्यमंत्री भी बने। अब भी नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर हैं। उन्होंने इसी वोटर आईडी कार्ड के आधार पर ही 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान किया था। सवाल है कि क्या तेजस्वी के पास दो-दो मतदाता पहचान पत्र हैं? यदि हां, तो यह चुनावी अपराध है, लिहाजा तेजस्वी को जेल भी हो सकती है अथवा कुछ अंतराल के लिए चुनाव लडे के अयोग्य भी घोषित किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने तेजस्वी को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है और जांच के लिए कार्ड की मूल प्रति भी मंगवाई है। तेजस्वी बीते लंबे अर्से से आयोग को बदनाम कर रहे थे। उसे भाजपा का प्रकोष्ठ तक करार दे दिया था। उसे गोदी आयोग प्रचारित किया जा रहा था। तेजस्वी पर चुनाव आयोग की छवि धूमिल करने, मानहानि करने के भी आरोप हैं। दरअसल आयोग ने बिहार में जो एसआईआर कराया है, उस पर विपक्ष के आरोप हैं कि उनके वोट बैंक के नाम सूची से काटे जा सकते हैं। बहरहाल अब नजरें सर्वोच्च न्यायालय पर हैं।

उदय किशोर साह



## बचपन के पल सुहाने

कविता

वो बचपन के पल थे कितने सुहाने
उछल कूद करते थे संग संग अनजाने
स्कूल जाने में होते थे कई कई बहाने
खेल कूद में दिन होता था नित्य बिताने

माता पिता का मिलता था प्यार अपार
गुरू जी खाता था स्कूल में बड़ी मार
पर दोस्तों से होती थी पल पल तकरार
जिन जिन को नहीं था हमसे कोई प्यार

दिन गुजरा था जब जब करते मनमानी
गढ़ लेते थे कोई भी हम झुठी। कहानी
बात बात में होती थी खेल में वैईमानी
कितना सुन्दर था वो सब अपनी नादानी

पल में झगड़ना फिर पल में दोस्ताना
रूठना और रूठे को होता था। मनाना
सुनहरी भोर का होता था गीत तराना
काश ! लौट आता एक बार पुन: जमाना

आटा चावल की ना थी कोई भी चिन्ता
छोटा समझ कर कोई गलती ना गिनता
कितना पावन था वो बीता वो जमाना
सुखद सा पल था वो अपना आशियाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# स्कूल छोड़ती बेटियाँ: संसाधनों की कमी या सामाजिक चूक?

*राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है कि 15 से 18 वर्ष की उम्र की लगभग 39.4% लड़कियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी हैं। शिक्षा के इस मौन पलायन के पीछे स्कूलों की दूरी, परिवहन की अनुपलब्धता, शौचालयों की कमी और सुरक्षा को लेकर भय जैसे कारण हैं। यह स्थिति केवल एक व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की कमजोरी को भी दशार्ती है। यह लेख सवाल करता है कि क्या हम सच में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं या सिर्फ नारे गढ़कर आत्मतुष्टि पा रहे हैं?*



प्रियंका सौरभ


बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह नारा उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4% लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा झ्र ये सारी बातें किसी शोधपत्र की विषयवस्तु नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत हैं जिनसे रोज हजारों बच्चियाँ जूझ रही हैं। और अंततः उन्हें शिक्षा से हाथ धोना पड़ता है। सरकारी आंकड़े भले ही बढ़े हुए नामांकन दिखाते हों, लेकिन हकीकत यह है कि नामांकन के बाद लड़कियाँ स्कूल तक टिक नहीं पातीं। एक आम ग्रामीण परिदृश्य को देखें। पाँचवीं तक की स्कूल तो आसपास है, लेकिन आठवीं के बाद विद्यालय दूर है। परिवहन की कोई सुविधा नहीं। न बस, न साइकिल, न ही कोई महिला सहकर्मी या मार्गदर्शक। माता-पिता अपनी बेटी को पाँच किलोमीटर दूर अकेले भेजने से डरते हैं। उन्हें चिंता होती है कि रास्ते में कोई छेड़छाड़ न हो, कोई हादसा न हो। उस चिंता में स्कूल जाना बंद हो जाता है। शौचालयों की बात करें तो यह सिर्फ सुविधा नहीं, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। किशोरावस्था में लड़कियाँ उन परिवर्तनों से गुजरती हैं, जहाँ एक स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय उनकी शिक्षा की निरंतरता तय कर सकता है। लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में या तो शौचालय हैं ही नहीं, या हैं तो गंदे, असुरक्षित, या क्षतिग्रस्त। माता-पिता के लिए यह एक और कारण बन जाता है अपनी बेटियों को स्कूल से हटाने का। सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। जिन स्कूलों में कोई महिला शिक्षक नहीं होतीं, कोई सीसीटीवी कैमरा या गार्ड नहीं होता, वहाँ किशोर लड़कियों को भेजना आज भी माता-पिता के लिए जोखिम उठाने जैसा है। यह डर केवल अव्यवस्था से नहीं, समाज की असंवेदनशीलता से भी उपजा है। आए दिन होने वाली घटनाएं, समाचारों में आती छेड़छाड़ की खबरें इस भय को और गहरा करती हैं। इन सबके अलावा शिक्षा को लेकर समाज की प्राथमिकताएँ भी स्पष्ट नहीं हैं। एक लड़का पढ़े तो परिवार का भविष्य बनता है, लेकिन लड़की पढ़े तो शादी की उम्र निकलने का डर पैदा होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह मानसिकता अब भी गहराई से मौजूद है। लड़कियों की शिक्षा को लाभ से ज्यादा खर्च माना जाता है। अब यदि इन परिस्थितियों में एक बेटी स्कूल छोड़ दे, तो क्या इसमें उसकी गलती है? या यह एक सामूहिक चूक है – व्यवस्था की, समाज की, और हमारी? इस स्थिति का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से होगा। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हर गाँव से तीन किलोमीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो। यह बुनियादी शैक्षिक ढांचा हर बच्चे का अधिकार है। परिवहन की सुविधा उतनी ही जरूरी है जितनी शिक्षक की उपस्थिति। यदि बच्चियाँ स्कूल नहीं पहुँच पाएंगी तो पढ़ेंगी कैसे? सरकार को स्कूल वैन, छात्रा साइकिल योजना या सार्वजनिक परिवहन में स्कूल पास जैसे विकल्प सुनिश्चित करने होंगे। हर स्कूल में स्वच्छ और उपयोगी शौचालयों की अनिवार्यता केवल स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा नहीं, बल्कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के सच्चे मर्म का आधार होना चाहिए। महिला कर्मचारियों की नियुक्ति, नियमित निरीक्षण और साफ-सफाई के लिए स्थानीय प्रशासन को उत्तरदायी बनाया जाए। सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में महिला शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और स्कूल परिसर में अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। यह कदम न केवल बेटियों को सुरक्षा का भरोसा देगा, बल्कि अभिभावकों को मानसिक शांति भी। इसके साथ ही स्कूलों के भवन और अधोसंरचना को केवल औपचारिकता के लिए नहीं, गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान – ये सब स्कूल के मानक हिस्से होने चाहिए। एक और महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल शिक्षा है।

> महामारी ने दिखा दिया कि जिनके पास मोबाइल, इंटरनेट और बिजली नहीं, वे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और उपकरण की उपलब्धता अब विलासिता नहीं, अनिवार्यता है। शिक्षा विभाग को उन लड़कियों की नियमित सूची बनानी चाहिए जो स्कूल छोड़ चुकी हैं। उनके घर जाकर कारण जानना, उन्हें वापस लाने के लिए प्रेरित करना, और माता-पिता को विश्वास में लेना प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही समाज को भी आत्मावलोकन करना होगा। हम अपनी बेटियों को क्यों पढ़ाना चाहते हैं – नौकरी के लिए, शादी के लिए या आत्मनिर्भरता के लिए? जब तक समाज का जवाब अस्पष्ट रहेगा, तब तक समाधान भी अधूरा रहेगा। प्रशासन, समाज और परिवार को मिलकर यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई भी बच्ची शिक्षा से वंचित न हो। इसका अर्थ है केवल विद्यालय खुलवाना नहीं, बल्कि उसमें बेटी के जाने और टिके रहने की पूरी ज़िम्मेदारी लेना। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अगर केवल बैनर की पंक्ति नहीं रहना है तो इसे पंचायतों, स्कूल समितियों, शिक्षक संगठनों, अभिभावकों और छात्रों के साझा प्रयास में बदलना होगा। तभी एक ऐसा समाज बनेगा, जहाँ कोई भी बेटी पढ़ाई से वंचित नहीं होगी।

# टैरिफ दादागिरी के बीच स्वदेशी एक जनक्रांति बने

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दबाव की राजनीति और टैरिफ की दादागिरी का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को लोकल के लिए वोकल बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्थाह्व तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है।

इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की ऑक्सीजन मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है। भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने मृतप्राय कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत



आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र स्वदेशी है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ यहां बनाएं तक सीमित नहीं है, यह यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का मेक इन इंडिया अभियान अब मेड बाय इंडिया की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली। आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय जरूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोजी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है।




ललित गर्ग

आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब स्वदेशी एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णतः आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर। वर्तमान परिप्रेक्ष्यों में यह आवश्यक हो गया है कि देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो। लोकतंत्र की सच्ची परिपक्वता यही है कि सरकार की आलोचना करते हुए भी हम राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आत्मगौरव की रक्षा करें। जब तक भारत के भीतर से ही भारत की आवाज कमजोर की जाएगी, तब तक ट्रंप जैसे बाहरी टैरिफ तानाशाहों को हमारे आत्मबल पर वार करने का साहस मिलता रहेगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि हम गुणवत्तापूर्ण निर्यात के जरिये अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को भी समृद्ध कर सकेंगे।

# टैक्स देने से इनकार नहीं गलत तरीका स्वीकार नहीं: शैलेंद्र शर्मा

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रामपुर जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा जी के नेतृत में वॉटर टैक्स एवं हाउस यटैक्स को मान माने ढंग से बढ़ाकर जारी किए गए नोटिसों के संबंध में

नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सना मामून को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें बहुत बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया भारी वर्षा के बावजूद भी बड़ी संख्या में व्यापारी जमा थे सभी ने नगर पालिका द्वारा जारी नोटिसों के संबंध में अपना रोश व्यक्त किया इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा ने फिर से दोहराया कि हम किसी प्रकार से भी हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स देने के विरोधी नहीं है हम चाहते हैं कि प्रत्येक घर और प्रत्येक प्रतिष्ठान से हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स दिया जाए लेकिन जो प्रणाली नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही है वह ना तो पारदर्शी है और ना ही न्याय संगत है उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा लगभग 70000 नोटिस जारी करने की लक्ष्य रखा है जिस से लगभग चार-पांच लाख लोग प्रभावित होंगे उन्होंने मांग की नगर पालिका द्वारा जारी नोटिसों का आघार ही सही नहीं है तथा नोटिस की भाशा एवं भावना भी गलत है जिस जी आई एस सर्वे के आधार पर नोटिसों को बनाया गया है नोटिस पर उसका दिन दिनांक और क्रमांक होना चाहिए जो जो सर्वे आज हो रहा है उसके आधार पर किस प्रकार पिछले 5 वर्षों का बकाया निकाल सकते हैं उन्होंने मांग नोटिसों ठ लगाम लगाने, विस्तृत बात हेतु व्यवस्था करने की मांग की गई। नगर पालिका के कर विभाग के अधिकारी , ई ओ महोदय एवं पालिका अध्यक्षा महोदया के साथ हमारी बैठक कराई जाए ताकि हमारे प्रश्नों का हमें जवाब मिल सके एवं जारी नोटिसों के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके मीडिया प्रभारी हारिस शम्सी उपाध्यक्ष बिलाल शम्सी जिलायुवा महामंत्री शकेब शम्सी नगर युवाध्यक्ष इमरान सलीम नगर युवा महामंत्री राम गुप्ता फैसल अहमद मनोज अग्रवाल फैसल हबीब मोहसिन खा नईम अली उज्जैर अहमद संजीव कपूर राकेश जुनेजा शहाब खा मुराद खा चंद्र प्रकाश रस्तोगी मोनिस जमाल वरुण मिश्रा नजमी खां नसीमुद्दीन संजय अरोड़ा जनक सहगल कैलाश गुलाटी आदि मौजूद थे ।

# रामपुर जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा अखबारों की सुर्खियां मे बने हुए हैं

वेलकम इंडिया गुलजार आलम





**रामपुर।** रामपुर में आज कल जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा अखबारों की सुर्खियां बने हुए हैं। हर रोज कोई न कोई नेता, समाजसेवी व अधिकारी उन्हे सम्मानित करने आ ही जाता हैं जिससे जिला अस्पताल का नाम रौशन हो रहा हैं। बताते चले कि पिछले तीन महीनों से रामपुर का जिला अस्पताल डा. डीके वर्मा के कारण अखबारों की सुर्खियां बना हुआ हैं। ऐसा पहली बार हो रहा हैं कि मीडिया जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था के बजाय अस्पताल में किये जा रहे अमूल चूक बदलावों को लेकर खबरे छाप रहा हैं। अखबारों की सुर्खियों को देखते हुए जिलेभर के समाजसेवी, विभिन्न पार्टियों के नेता व पत्रकार सीएमएस डा. देवेन्द्र कुमार वर्मा को सम्मानित करने से पीछे नहीं हट पा रहे हैं। सीएमएस द्वारा जिला अस्पताल की सूरत और सीरत में जो बदलाव किये हैं यह हकीकत हैं कि आज से पहले किसी भी सीएमएस द्वारा ऐसे काम नहीं किये गये हैं जो अब अस्पताल में देखने को मिल रहे हैं। जिला अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था को संभालने में सीएमएस डा. डीके वर्मा के पसीने छूट गये। उन्होने रात दिन जिला अस्पताल में रहकर छोटी सी छोटी समस्या को गंभीरता से लिया और उसे दुरूस्त कराया जिस कारण जिला अस्पताल में आज बिना दलालों के गरीबों का उपचार बेहतर तरीके से हो रहा हैं। सीएमएस की इस कार्यशैली से सीएमएस का सपना देख रहे कुछ अन्य सरकारी चिकित्सकों के पेट में दर्द उठना स्वभाविक हैं और वह उनका पत्ता काटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन डा. डीके वर्मा की कार्य को लेकर रामपुर के आला अधिकारी भी प्रशंसा करने से नहीं रह पा रहे हैं इस कारण उनके विरोधियों को मुंह की खानी पड़ रहीं हैं। फिलहाल डा. डीके वर्मा अब अस्पताल में अच्छे चिकित्सकों को लाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

# कांवड़ ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौके पर ही मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के शेरकोट में कांवड़ यात्रा की ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड मदनपाल सिंह(50) की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। यह घटना शेरकोट क्षेत्र में हाईवे पर राजपूताना रिसोर्ट के सामने बने अस्थायी पुलिस शिविर पर हुई, जहां वे तैनात थे।

बताया गया कि ड्यूटी के दौरान अचानक मदनपाल सिंह के मुंह और नाक से खून निकलने लगा। साथ में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और 108 एम्बुलेंस के जरिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मदनपाल सिंह मूल रूप से ग्राम मकसूदाबाद, थाना अफजलगढ़ के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस प्रशासन ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई है और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है।

# संगठन का निर्माण किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए किया गया : दिगम्बर सिंह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** राणा बैंक्विट हॉल किरतपुर में आयोजित विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि संगठन का निर्माण किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए किया गया है और लक्ष्य प्राप्ति तक हम रुकने वाले नहीं है हम तब तक उन ताकतों से लड़ते रहेंगे जो किसान का शोषण करने का काम करती हैं जब तक किस को उसके हक और अधिकार न मिल जाए लेकिन उसके लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन से जुड़े हुए प्रत्येक किसान को अपने लक्ष्य निर्धारित करने होंगे यदि आप चाहते हैं किसानो की फसलों के लाभकारी दाम मिले यदि आप चाहते हैं की सरकार किसान के गाने के दाम बढ़े तो आपके संघर्ष करना होगा एकजुट होकर यदि आप चाहते हैं की नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि हो यदि आप चाहते हैं की बरकतपुर शुगर में जो जून माह तक चलती है जबकि जनपद की दूसरी शुगर मील मार्च में ही बंद हो जाती हैं गन्ने का आवंटन निष्पक्ष रूप से हो और सभी शुगर मील समय पर बंद हो तो सभी शुगर मिलों को गाना आवंटन समान अनुपात में करने के लिए आपको अपनी बात सरकार तक पहुंचने होगी संघर्ष करना होगा यदि आप चाहते हैं की तहसील का भ्रष्टाचार खत्म हो तो आपको संघर्ष करना होगा यदि आप चाहते हैं कि बिजली विभाग के अधिकारियों के जो दिमाग खराब है उनके दिमाग ठीक हो जाए तो आपको महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत के दिए हुए मंत्र पर चलते हुए ईमानदारी के साथ संघर्ष करना होगा और उन संगठनों को भी जवाब देना होगा जब किसान के नाम पर दलाली करने का काम करते हैं जो केवल इसलिए ताकत इकट्ठा करने का काम करते हैं ताकि भोले भाले किस को लूटा जा सके अपनी दबंगई उसे पर दिखाई जा सके यदि किसी गरीब बहुत पीड़ित की मदद करना चाहते हो तो अपने चरित्र को करो युवाओं से निवेदन कि नशे से दूर रहे और शिक्षा पर ध्यान रखें सभी बुजुर्गों से अनुरोध की पंचायत चुनाव में नशा परोसने वाले नेताओं से दूरी बनाएं और उनको उनकी हकीकत दिखाएं यदि वोटर ही लालची हो जाएगा तो इस समाज को कोई नहीं बचा सकता डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि लोकतंत्र में राजा रानी के पेट से पैदा नहीं होगा जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने जिले का किसानों को विश्वास दिलाया कि जनपद बिजनौर के प्रत्येक क्षेत्र में जाकर किसानों को एकजुट करने का काम किया जा रहा है विषय कोई भी हो बिजनौर के साथ भेदभाव करने का काम किया जाता है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गन्ना मूल्य वृद्धि हो नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि हो गंगा एक्सप्रेसवे का विषय हो या इंडस्ट्रियल एरिया घोषित करने का विषय हो अथवा तहसीलों में अंश निर्धारण की गड़बड़ियां हूं या बिजली विभाग की हर धर्मिता हो शिक्षा के नाम पर हो रही लूट हो या जनपद बिजनौर में नशे के कारोबार हो अथवा नकली पेस्टिसाइड का विषय हो शुगर मिलों के द्वारा गन्ने के बीज के नाम पर की जा रही लूट हो हर विषय पर मजबूती से संघर्ष किया जाएगा संघर्ष की तैयारी के लिए ही हर क्षेत्र में जाकर किसानों को एकजुट किया जा रहा है यदि बिजनौर प्रशासन सुधरता नहीं है तो बड़ा आंदोलन बिजनौर की धरती पर किया जाएगा।

# भारत की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक वाहन रैली में मांगे राम चौहान ग्रीन मोबालिटी एंबेसडर के रूप में होंगे शामिल

वेलकम इंडिया



**मुरादाबाद।** देश में हरित ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में आयोजित हो रही भारत महा ईवी रैली 2025 की शुरूआत इस वर्ष 9 सितंबर को भव्य रूप से इंडिया गेट, दिल्ली से होगी। यह रैली देश की सबसे लंबी ईवी इलेक्ट्रिक व्हीकल यात्रा होगी, जो 100 दिनों में 21000+ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 28 राज्यों और 9 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। रैली में ग्रीन मोबालिटी एंबेसडर के रूप में मांगे राम चौहान, उप आवास आयुक्त, बरेली (उत्तर प्रदेश), शामिल होंगे इस प्रेरणादायक रैली में ग्रीन मोबालिटी एंबेसडर के रूप में मांगे राम चौहान, उप आवास आयुक्त, बरेली (उत्तर प्रदेश), शामिल होंगे। एक पर्यावरणविद् और हरित आंदोलन के सक्रिय प्रवर्तक के रूप में चौहान की भूमिका इस अभियान को नई दिशा देने वाली होगी। रैली का उद्देश्य देश में ईवी तकनीक को बढ़ावा देना, हरित परिवहन के प्रति जागरूकता फैलाना और एक करोड़ से अधिक वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा करना है। इस ऐतिहासिक अभियान में 10,000+ प्रतिभागी, 1000+ स्वयंसेवक, 100+ एनजीओ, और 500 से अधिक विश्वविद्यालय एवं 2500+ संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इस रैली का आयोजन इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आईसीएटी और अआरअएल जैसे अग्रणी संगठन भी सहयोग कर रहे हैं। मांगे राम चौहान की उपस्थिति न केवल रैली की गरिमा को बढ़ाएगी, बल्कि उनके प्रेरणादायक विचार युवाओं में पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी और हरित भविष्य की ओर अग्रसर होने की भावना को भी प्रोत्साहित करेंगे। डॉ राजीव मिश्रा अध्यक्ष इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल एसोसिएशन द्वारा चौहान को पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य में ग्रीन एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

# ब्रजघाट व हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे भोले के भक्तों का हाइवे स्थित जीरो प्वाइंट पर भंडारा लगाकर जोरदार स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा चड्ढा परिवार की ओर से ब्रजघाट व हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे भोले के भक्तों का हाइवे स्थित जीरो प्वाइंट पर भंडारा लगाकर जोरदार स्वागत किया। श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समिति के अध्यक्ष संजीव सक्सैना ने बताया कि समिति द्वारा पिछले 22 सालों से लगातार श्रावण मास में भोले के भक्तों का भंडारा लगाकर जोरदार स्वागत करती हैं। उन्होने कहा कि इस साल भी समिति के सदस्यों ने पूरे महीने लगातार हाइवे स्थित जीरो प्वाइंट पर स्टाल लगाकर भंडारे का आयोजन किया था जिसमें हजारो की संख्या में भक्तों ने भंडारे में शरीक होकर प्रसाद ग्रहण किया। संजीव सक्सैना ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा हैं। समिति द्वारा हर साल इस तरह का आयोजन कर भोले के भक्तों की भक्ती में विलीन हो जाते हैं और आत्मा पवित्र हो जाती हैं। इस पुण्य काम के लिए वह हर साल समिति के सदस्यों के साथ स्वयं भक्तों की सेवा करते हैं। उन्होने कहा कि इस साल भी हजारों की संख्या में कावड़ लेकर मंदिरों में जलाभिषेक करने वाले भक्तों को भंडारे में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संजीव सक्सैना के अलावा नवनीत, अनुपम मिश्रा व समिति के सदस्य मौजूद थे।

# शुभम वालिया को दिल्ली में नेशनल लेवल स्टेज एंकर अवार्ड से नवाजा गया


वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में ताजपुर निवासी शुभम वालिया पुत्र संजीव वालिया को ₹नेशनल लेवल स्टेज एंकर₹ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एवनले यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा प्रदान किया गया, जो अपने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान देने के लिए जानी जाती है। समारोह दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल रॉयल पेपर में संपन्न हुआ, जहां देशभर से कई नामचीन हस्तियां और सम्मानित अतिथि शामिल हुए। शुभम वालिया को यह सम्मान उनकी स्टेज एंकरिंग की अद्वितीय शैली, प्रभावशाली वाणी, सजीव मंच संचालन और युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। शुभम पिछले कई वर्षों से विभिन्न राष्ट्रीय आयोजनों, सरकारी व निजी मंचों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सामाजिक आयोजनों में बतौर मंच संचालक अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी स्टेज एंकरिंग के माध्यम से एक अलग मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने शुभम वालिया की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की उपलब्धि है, बल्कि पूरे बिजनौर ज़िले और विशेषकर ताजपुर क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा प्रतिनिधि और मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नूरपुर और ताजपुर क्षेत्र में यह खबर आते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं का तांता लग गया है।

# स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है: फरहत अली खान

वेलकम इंडिया



स्वदेशी जागरण मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वदेशी के आह्वान का स्वागत करता है, जहाँ प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच सरकारो से स्वदेशी के अनुकूल नीतियां बनाने एवं आमजन में स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूकता पैदा कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है।

मंच के अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ राजीव कुमार ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में, जहाँ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है, अमरीका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है, कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है, और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बड़ी संख्या में व्यापारियों और विनिर्माण कंपनियों के संघों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर 12 जून, 2025 को 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' की शुरूआत के साथ, स्वदेशी आंदोलन को फिर से गति दी गई है, जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में भारत को पुनः महान बनाने (जिसे प्रधानमंत्री 'मीगा' यानि मेक इंडिया ग्रेट अगेन कहते हैं) के लिए जागरूकता पैदा करना है। कुछ क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में राजनीतिक इच्छाशक्ति, नीतिगत हस्तक्षेप और जनभागीदारी ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। उदाहरण के लिए, स्थानीय कोविड वैक्सीन का आविष्कार और निर्माण करके, भारत न केवल अपने लाखों नागरिकों की जान बचा सका, बल्कि ग्लोबल साउथ की एक बड़ी आबादी को बचाने में भी मदद की; रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ने दुनिया को पहले ही चकित किया हुआ है, आत्मनिर्भर डिजिटलीकरण, अंतरिक्ष क्षेत्र और कई अन्य क्षेत्रों के हमारे अनुभव स्वदेशी की ताकत के जीवंत उदाहरण हैं।

# किरतपुर थानाध्यक्ष का क्षेत्र की अवाम को बेहतरीन संदेश

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर के किरतपुर।** किरतपुर थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने रविवार की रात्रि किरतपुर शहर में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ शहर के बाजार में वह भीड़ ?भाड़ वाले स्थान पर पैदल फ्लैग मार्च किया उन्होंने बताया किरतपुर थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तो वहीं थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने नाबालिक किशोर को रोक कर बाइक नहीं चलने की अपील की और दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाने की अपील की और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की किरतपुर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ लगातार कस्बे में पैदल गस्त करते नजर आ रहे हैंआपको यहां यह भी बताते चले कि जब से किरतपुर थाना की वीरेंद्र कुमार ने कमान थामी है ।तभी से थाना क्षेत्र व कस्बे में लगातार पुलिस बल के साथ गस्त करते नजर आ रहे हैं ।उनका मकसद थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है ।ओर इसी उद्देश से उन्होंने पुलिस बल के साथ रविवार की रात्रि की शाम कस्बे में पैदल गस्त किया उन्होंने कस्बे वासियों से जन संवाद कर कानून व्यवस्था बनाए रखना कानून का पालन करने ओर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

# प्रेमी के साथ युवती हुई फरार, पुलिस कर रही तलाश

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला खेल से एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई पीड़ित परिजनों ने एक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। सोमवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी और घर पर उसकी 21 वर्षीय पुत्री अकेली थी। पीड़िता का आरोप है कि तभी बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा कर ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी पुत्री वह आरोपी युवक का कहीं भी सुराग नहीं लगा ? पीड़ित महिला ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई कर अपनी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में सूचना प्रसारण में सोशल मीडिया की भूमिका पर सेमिनार आयोजित

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में सूचना प्रसारण में सोशल मीडिया की भूमिका पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ अंजू वालिया, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ कमल कृष्ण व डॉ नेहा त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में बताया उन्होंने सोशल मीडिया के अच्छे एवं बुरे दोनों पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया सोशल मीडिया एक ऐसी बारिश है जिसकी बौछार से कोई नहीं बचा है। उन्होंने बताया कि आजकल बुजुर्गों को भी सोशल मीडिया ने टेक्नोलॉजी से जोड़ दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ समय पहले हमें समाचार समय पर नहीं मिल पाते थे, आजकल सभी समाचार सोशल मीडिया के माध्यम से हमें तुरंत मिल जाते हैं। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया को अपने करियर हेतु सदुपयोग करने व सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से बचने हेतु प्रेरित किया। संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने संस्था के विभिन्न कोर्स के छात्रों को सोशल मीडिया पर अच्छा कार्य करने हेतु संस्था का स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर पुरस्कृत किया। उपहार पाने वाले छात्रों में निशा, मयंक, आंचल, अंजलि, तहजीब, प्रितपाल, स्नेहा, वर्तिका, अक्षत, शिवांगी, विशाल, अभिषेक, अंकुर, व उर्वशी त्यागी रहे।उपहार पाकर छात्रों ने संस्था का धन्यवाद प्रकट किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने इस सेमिनार हेतु संस्था के माननीय चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: शैलेंद्र चौधरी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के कोतवाली देहात।अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थ्य एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल लगातार किसानों के हितों की लड़ाई लड़ रही है। उनके अथक प्रयास से जो किसानों का बजट 22 करोड़ था आज बढ़कर एक लाख 27 हजार करोड़ हो गया है। आज साहूकार प्रथा खत्म हो गई है। उनके कारण किसानों के लिए सरकार द्वारा जारी पैसा किसनो के खातों में पहुंच गया ?है। उनकी मेहनत तथा लगन से तथा संघर्ष के कारण आज किसानों के खाते में 20 हजार 500 करोड़ रुपए पहुंचे हैं जिनमें से 2 करोड़ 26 लाख महिला किसानों को लाभ मिला है। किसानों की फसल खराब ना हो तथा समय से शहरों ?की मंडी में पहुंच जाए इसके लिए अनुप्रिया पटेल द्वारा शीघ्र किसान रेल शुरू होने वाली है। इस बारे में बिजनौर जिले से अपना दल एस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी का कहना है कि उनकी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल हर वर्ग के लोगों के साथ-साथ सबसे ज्यादा किसानों को उनका हक दिलाने का काम कर रही हैं। पिछली सरकारों के मुकाबले एनडीए गठबंधन की सरकार में किसान सबसे ज्यादा खुशहाल हुआ है। उन्होंने कहा कि बिजनौर जिले के किसानों का उनके रहते उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के दिशा निर्देशों के अनुसार किसानों की लड़ाई के लिए हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। अगर किसानों की कोई समस्या है तो अपना दल एस उनके साथ खड़ा है। तथा किसानों की हर लड़ाई लड़ने को तैयार है।

# बंदरो के झुंड ने बालक पर स्कूल जाते वक्त हमला कर किया घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक दस वर्षीय बालक पर बंदर के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। चिकित्सकों ने घायल बालक को एंटी रैबीज की वैक्सीन लगाकर आवारा जानवर से दूर रहने की सलाह दी है। आवारा कुत्तों के काटने से पीड़ित दर्जनों महिला पुरुषों व बच्चों ने अपना उपचार कराया है। नगर एवं क्षेत्र में उत्पाती बंदरों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन बंदर महिला पुरुष व बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। प्रशासन बंदर व कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा इस कारण आए दिन नगर क्षेत्र के लोग शिकार हो रहे हैं। सोमवार को कस्बा एलम निवास राजकुमार का 10 वर्षीय पुत्र मोहन अपने घर से स्कूल जा रहा था। तभी परिजनों के अनुसार बालक पर उत्पाती बंदरों के एक झुंड ने हमला कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर परिजनों सहित मोहल्ले के लोग डन्डे लेकर दौड़े और बंदरों के झुंड को भगाया। परिजनों ने आनन-फानन में बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने आवारा बंदरों एवं कुत्तों से दूर रहने की सलाह देते हुए बालक को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई। दूसरी और आवारा कुत्तों के काटने से दर्जनों महिला पुरुष व बच्चों ने पहुंचकर भी एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई है। गौर तलब है कि लगभग दो माह से सैंकड़ों लोगों पर आवारा कुत्ते व बंदरों ने हमला कर घायल किया है जिसमें एक व्यक्ति व बालक की मौत भी हो चुकी है।

# न्यौता देने पहुंचें : 14 अगस्त को फरीदाबाद में प्रदेश स्तर पर विभाजन विभीषिका दिवस में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुँच

**वेलकम इंडिया**




**हांसी। मनमोहन शर्मा।** आज जीटी रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम के निमित एक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक विशाल सेठ उपस्थित रहे। बैठक में जिला प्रभारी दीपक शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। विशाल सेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 14 अगस्त 2025 को विभाजन विभीषिका दिवस पर फरीदाबाद में एक प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रहेंगे 1947 में जो त्रासदी हुई जिसमे 15 से 20 लाख लोग शहीद हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए स्मृति दिवस के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर जो पंडाल होगा उसके पर्दो के कपड़ों का रंग रंगीन ना हो करके हमारे राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंगों का उपयोग किया जाएगा, जो पर्दे मुख्य द्वार से लेकर मंच तक तिरंगे रंग के लगे होंगे वह बयां करेंगे की 1947 में जो त्रासदी हुई थी हमारे पूर्वजों पर जो अत्याचार हुए थे उनकी झलक हमें उनमें दिखाई देगी, उन्होंने कहा की विभाजन के समय जो त्रासदी हुई उसमें केवल पंजाबी (खत्री) समाज के लोग ही नहीं बल्कि अन्य समाज के लोग भी थे जिन्होंने जो अत्याचार और पीड़ा सही उनके संघर्ष की याद में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने कहा कि विभाजन विभीषिका केवल औपचारिकता नहीं बल्कि हमारी बहन बेटियों और पूर्वजों के साथ जो अत्याचार हुए उनको जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भारतीय जनता पार्टी ने लिया है, और इसके नियमित प्रदेश स्तर के बाद जिला व विधानसभा स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने विधान सभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक व प्रभारी और जिला स्तर के प्रमुख कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को करने की योजना बनाई जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया ने बैठक का संचालन किया।

# अपने भक्त का सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं हनुमानजी : महंत आचार्य रामदेव चतुवेर्दी

**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**



**वृन्दावन।** बांके बिहारी कॉलोनी स्थित ठा. श्रीकौशल किशोर राम मन्दिर में अखिल भारतीय श्रीराम मित्र मंडल के द्वारा चल रही पंच दिवसीय श्रीहनुमान कथा के तीसरे दिन व्यास पीठाधीन ठा. श्रीकौशल किशोर राम मन्दिर के महंत आचार्य रामदेव चतुवेर्दी ने कहा कि बल के अथाह सागर, सुमेरू पर्वत के समान उज्जवल, दानवों का नाश करने वाले, ज्ञानियों में अग्रणी, संपूर्ण गुणों के स्वामी, श्री रघुनाथ जी के प्रिय भक्त श्री हनुमान जी बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी हैं। उनके गुणों को बखान करते हुए प्रभु श्रीराम जी महर्षि अगस्तय जी से कहते हैं कि हनुमानजी तेज, धैर्य, सामर्थ्य, नीति, पुरुषार्थ, विवेक इत्यादि गुणों के भंडार हैं। आचार्य रामदेव चतुवेर्दी ने कहा कि यदि सच्चे मन से महाबली पवन पुत्र श्रीहनुमानजी की आराधना की जाए, तो वो अपने भक्त का हर मनोरथ पूर्ण कर देते हैं। श्रीराम भक्त हनुमानजी अपने भक्तों की पीड़ा हरने वाले तथा श्रीरामायण रूपी महामाला के महारत्न के रूप में माने जाते हैं। प्रभु के सेवक होने के साथ-साथ हनुमानजी श्रीराम व माता जानकी के सुत भी कहे गए हैं। इससे पूर्व श्रीहनुमानजी महाराज की आरती उतारी गई।साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी, महोत्सव के संयोजक आचार्य लवदेव चतुवेर्दी, आचार्य कुशदेव चतुवेर्दी, श्रीमती कुंजलता चतुवेर्दी, श्रीमती प्रिया चतुवेर्दी, संगीताचार्य शंभू शरण, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# डायल 112 से टकराया बेसहारा गोवंश, गोवंश की मौत, सिपाही मामूली रूप से घायल

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** झगड़े की सूचना पर जा रही डायल 112 गाड़ी बेसहारा गोवंश से टकरा गई। बेसहारा गोवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गाड़ी में सवार दोनों सिपाही मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने मौके पर जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढा खुदवाकर दफनाया।

रविवार की देर शाम को कस्बे के पीएनबी बैंक के निकट से किसी ने डायल 112 गाड़ी यूपी 32 डीजी 30 11 को झगड़ा होने की सूचना दी थी। पीआरवी गाड़ी कैराना रोड पर मौजूद थी, जैसे ही पीआरवी को झगड़े की सूचना मिली तो गाड़ी चालक नागेंद्र व सिपाही अमित कुमार गाड़ी लेकर कस्बे की ओर चल पड़े। जैसे ही गाड़ी कैराना रोड पर स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे बेसहारा गोवंश से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बेसहारा गोवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गाड़ी में मौजूद दोनों सिपाही मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस में मौके पर पहुंच गई और जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढा खुदवाकर मृत गोवंश को दफनवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गोवंश से पीआरवी की गाड़ी टकरा गई थी। जिसमें गोवंश की मौत हो गई थी।दोनों सिपाही मामूली रूप से घायल हुए हैं।

# थाना महुली पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली वरि0उ0नि0 श्री रामकरन निषाद, हे0का0 शम्स तबरेज, का0 अरविन्द यादव ने मु0अ0सं0 286/25 धारा 65(1)/352/351(3)/333 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित बाल अपचारी को सोमवार को कठिनईया पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 02.08.2025 को थाना महुली पर उक्त बाल अपचारी के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने, गाली व धमकी देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना महुली पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढोत्तरी कर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

**मामले में वांछित बाल अपचारी को सोमवार को कठिनईया पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया**

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष दोनो और से चार लोग घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी ओमवीर एवं लोकेंद्र दोनों पड़ोसी हैं। दोनों पड़ोसियों में पूर्व में हुई गाली गलौज को लेकर रंजिश चली आ रही है। सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज हो गई देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के विरुद्ध हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से लोकेंद्र व शिवम घायल हो गए, दूसरे पक्ष से अंकित व ओमवीर घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों के घायल पीड़ितों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाकर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए हैं डॉक्टरी परीक्षण करा दिया तहरीर आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आन्दोलन के 250 दिन पूरे होने पर बिजली कर्मियों ने प्रान्त भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन कर व्यक्त किया आक्रोश

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** कार्यक्रम की अध्यक्षता इं0 वागीश कुमार गुप्ता ने करते हुए सभा के सम्बोधन में कहा कि निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 250 दिन पूरे होने पर आज बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों , जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। बिजली कर्मियों ने संकल्प लिया कि जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता और समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली जाती संघर्ष जारी रहेगा। संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारी इं0 राजेश कुमार ने कहा कि शीर्ष प्रबन्धन की निजी घरानों के साथ मिलीभगत है और आठ माह से निजीकरण न कर पाने के कारण हताश प्रबंधन बिजली कर्मियों का लगातार उत्पीड़न कर रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्पीड़न का उद्देश्य बिजली कर्मियों का मनोबल तोड़ना है किंतु बिजली कर्मी किसी कीमत पर निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे। उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां समाप्त कराने हेतु संघर्ष समिति की मांग है कि मार्च 2023 की हड़ताल के बाद ऊर्जा मंत्री द्वारा समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के वापस लिये जाने के निर्देश के अनुपालन में समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाय, निजीकरण के नाम पर 55 साल की उम्र और डाउन साइजिंग के नाम पर हटाये गये सभी संविदा कर्मी बहाल किये जाय, उत्पीड़न की दृष्टि से बिजली कर्मियों के किये गये सभी ट्रांसफर निरस्त किये जाय, फेसियल अटेंडेंस के नाम पर जून और जुलाई माह का रोका गया वेतन तत्काल बिजली कर्मियों को दिया जाय, उत्पीड़न के नाम पर स्टेट विजिलेंस की जांच कराकर शीर्ष पदाधिकारियों के विरुद्ध की गई फर्जी एफ आई आर वापस ली जाए।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्तरुप से श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार व काँवड़ जलाभिषेक के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली एवं मन्दिर मे आने वाले श्रद्धालओं की सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने श्रावण मास, कांवड़ यात्रा में कावड़ियों, शिव भक्तों के जलाभिषेक के लिए लगने वाली लाइन की बैरिकेटिंग, सुरक्षित आवागमन, रूट डायवर्जन, साफ-सफाई, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं सहित कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने के दृष्टिगत किये गये सुरक्षा प्रबन्धों के सम्बन्ध में मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मेला आयोजको व स्वयंसेवी संस्थाओ के सदस्यो से बात चीत कर जलाभिषेक करने वाले श्रृद्धालुओं के आवागमन मार्ग, विश्राम स्थान, भोजन व्यवस्था व बिजली आदि से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओ पर वार्ता की। तत्पश्चात उन्होंने जल अर्पण किया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार बन्धुओं के साथ वार्ता की

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने पत्रकार बन्धुओं के साथ वार्ता की। जिलाधिकारी ने कहा कि शादी, समारोह, फिल्म शूटिंग, सर्वे, कटेंट किएटिंग आदि में ड्रोन कैमरे का प्रयोग करने से पूर्व संबंधित थाना / चौकी को सूचना देना/अनुमति लेना अनिवार्य है। जनपद में ड्रोन कैमरा का प्रयोग करने से पूर्व अनुमति / सूचना देना अनिवार्य है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान, मथुरा रिफाइनरी आदि क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। उन्होंने कहा कि यदि बिना सूचना/अनुमति के ड्रोन कैमरा उड़ता पाया गया तो, ड्रोन कैमरा को सीज किया जायेगा तथा संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि ड्रोन से संबंधित भ्रम/भ्रान्ति फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यदि कही ड्रोन उड़ भी रहा है, तो भ्रम न फैलायें। उन्होंने सभी जनपदवासियों को ड्रोन कैमरा से संबंधित भ्रम/भ्रान्ति से दूर रहने का अनुरोध किया। जनपद में अधिक वर्षा के दृष्टिगत कुछ क्षेत्रों में अधिक जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है तथा कुछ मकानों में दरारें / गिरासु हो गये हैं। जिलाधिकारी ने गिरासु मकानों के स्वामियों से अनुरोध किया है कि संबंधित क्षेत्र के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत से अनुमति लेकर अपने मकानों की मरम्मत करायें। उन्होंने अवगत कराया कि जल निकासी के कार्य हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जनपद में पम्प सेट, नालियों की सफाई, पुलियों को खुदाई आदि कराकर जल निकासी के कार्यों को संपादित कराया जा रहा है। क्षतिग्रस्त हुए मकान स्वामियों को मुआवजा दिया जा रहा है। दैवीय आपदा के माध्यम से जनहानि होने पर जिला प्रशासन द्वारा मदद धनराशि ससमय उपलब्ध कराई जा रही है। खेतों में जलभराव होने से हुए नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है तथा मुआवजा प्रदान करने हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही की जा रही है।

जनपद में क्षतिग्रस्त / गिरासु विद्यालयों को चिन्हित करते हुए शासन को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। उक्त विद्यालयों की मरम्मत / नया भवन बनवाने के कार्य प्रस्तावित है। बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त / गिरासु विद्यालयों के कक्षों का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। बच्चों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर पढ़ाई कराई जा रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को प्लास्टिक मुक्त पर्व मनाने पर जिलाधिकारी ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व में अभियान चलाकर उक्त पर्व को प्लास्टिक मुक्त पर्व मनाना है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में 145 ग्रामों में प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर घर जाकर लोगों को थैले दिये गये हैं कि वे सभी अपने अपने घरों का प्लास्टिक कूड़ा उक्त थैले में भरकर कूड़ा गाडी या सफाई कर्मचारियों को दें। जिलाधिकारी ने पूर्व में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत तथा पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जनपद में प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित किया जाये तथा राया में बने प्लांट पर प्रयोग करते हुए उससे अन्य वस्तुऐं बनाई जायें।

# नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के मंत्री कुलदीप सिंह बने एंटी क्राइम एंटी करप्शन के मीडिया प्रभारी

**वेलकम इंडिया**




एंटी क्राइम एंटी करप्शन संगठन द्वारा आज एक गरिमामय समारोह में नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई के मंत्री तेजतर्रार पत्रकार कुलदीप सिंह को मीडिया प्रभारी पद की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रयागराज में किया गया, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश निषाद ने कुलदीप सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वे संगठन की गरिमा और जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा संगठन के कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे ।शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे कई गणमान्य पदाधिकारीगण इस आयोजन में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप सेः एस. पी. ठाकुर झ उत्तर प्रदेश साइबर प्रभारी,समीर जैन प्रयागराज महानगर अध्यक्ष,प्रो. अंशु अग्रवाल यातायात मंडल प्रभारी,सुमन ठाकुर मंडल साइबर प्रभारी,प्रीति अग्रवाल महानगर यातायात प्रभारी,पूनम यादव, अमृता एवं सौरभ भी समारोह में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने कुलदीप सिंह को शुभकामनाएं दीं और संगठन की मजबूती के लिए उनके साथ पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज से मोटरसाइकिल की चोरी

**वेलकम इंडिया**




**कैसरगंज।** तहसील मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज से ग्राम पंचायत वैरी महेशपुर निवासी मुबीन पुत्र अब्बास बीते शनिवार के दिन लगभग दोपहर 3:00 बजे, दवा लेने हेतु कैसरगंज अस्पताल आए थे। जानकारी के मुताबिक अस्पताल परिसर में ही अपनी स्प्लेंडर मोटर साइकिल संख्या वढ40 अह 9132 खड़ी करके उपचार के लिए चिकित्सक के पास गए दवा लेकर वापस बाहर देखा तो मोटरसाइकिल गायब मिली मामले की सूचना पीड़ित ने स्थानीय थाने कैसरगंज को दी ।लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कैसरगंज पुलिस द्वारा खोई हुई मोटर साइकिल का कोई सुराग नहीं लगा पाई है जबकि स्वास्थ्य केंद्र के सामने लगे दुकानदारों के सीसीटीवी कैमरे को कैसरगंज पुलिस ने 24 घंटे में भी खगाल कर भी कोई सुराग नहीं लगा पाई है जो कि यह एक सवालिया निशान खड़ा कर रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से वाहनों की चोरी पुलिस के लिए चुनौती है ।जो कि स्वयं में एक अहम सवाल है।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर मण्डल आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में हुई बैठक

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**



**आगरा/मथुरा।** जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर ब्रज में होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव 2025 को लेकर मण्डल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली जिसमें डीआईजी आगरा जोन शैलेश कुमार पांडेय, मथुरा जिलाधिकारी सी पी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एस बी सिंह, नगर आयुक्त जगप्रकाश, एसपी ट्रैफिक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी तेजी से चल रही है। 15, 16 और 17 अगस्त को ब्रज में जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पांच बड़े और 21 छोटे मंच तैयार किया जा रहे हैं जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। ब्रज को सजाने हेतु की जाने वाली सजावट, बिजली आदि के टेंडर कल निकल जा रहे हैं। शहर में प्रवेश हेतु 6 प्रमुख प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। 16 अगस्त को शोभायात्रा निकाली जाएगी। पाञ्चजन्य सभागार में भी सांस्कृतिक आयोजन होंगे। 5100 दीपों की दीपमाला सजाई जाएगी। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना में अवस्थापना निधि तथा ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत जितने भी विकास कार्य प्रगतिमान है, उन्हें 15 अगस्त से पहले पूरा किया जाए अन्यथा ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सजाया जाए, मा. मुख्यमंत्री संभावित यात्रा मार्ग पर भी जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहें यह सुनिश्चित किया जाए। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मथुरा वृंदावन में सभी प्रमुख मार्ग प्रमुख चौराहों पर आकर्षक लाइटिंग, तीन प्रमुख जगहों पर फसाड लाइटिंग सजावट की जा रही है। चार बड़े प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। वाहनों की पार्किंग हेतु 45 पार्किंग स्थलों में व्यवस्था की जाएगी। समुचित सफाई हेतु 1025 सफाई कर्मियों की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जाएगी। श्रद्धालियों की सुविधा हेतु बोतल बंद पानी तथा जगह-जगह पानी की टैंकर और 80 मोबाइल टॉयलेट रखे जाएंगे। व्यवस्था बनाए रखने में एनजीओ और वॉलिंटियर का भी सहयोग लिया जाएगा। अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि 15 अगस्त के कारण वीकेंड में अत्यधिक भीड़ आने की संभावना है इसलिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो, जहां बैरिकेडिंग करने की आवश्यकता है कराई जाए, भंडारे स्थल पर समुचित सफाई हेतु बड़े डस्टबिन और सफाई कर्मी की तैनाती की जाए। बारिश में कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए, अगर होता है तो तत्काल उसका निदान किया जाए। पार्किंग स्थल पर भी जलभराव ना हो, जगह-जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएं। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि सभी ट्रांसफार्मर पॉइंट के आसपास बैरिकेडिंग की जाए। विद्युत लाइनों को ठीक कर लिया जाए। कहीं भी लाइन लॉस या विद्युत कट जाने की घटना नहीं होनी चाहिए। निर्बाध विद्युत की आपूर्ति होती रहे यह सुनिश्चित किया जाए।

# भाजपा प्रतिनिधि के जन्मदिन पर कैबिनेट मंत्री ने दी बधाई




**वेलकम इंडिया**

**कैसरगंज।** 288 विधानसभा कैसरगंज के मंडल कैसरगंज के भाजपा कार्यालय पर एवं ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह के कार्यालय कैसरगंज में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं निवर्तमान जिला प्रतिनिधि भाजपा शिव सहाय सिंह उर्फ मुनीम जी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर कैबिनेट मंत्री सहकारिता विभाग आदरणीय मुकुट बिहारी वर्मा 288 विधानसभा के संयोजक एवं पूर्व 288 विधानसभा के प्रत्याशी ₹भाजपा₹ गौरव वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष सुबेद वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष कैसरगंज शिवानंद सिंह के उपस्थिति में केक काटकर तथा चित्र देकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर बधाई देकर उनके लम्बी उम्र की कामना की ।इस अवसर पर कैसरगंज मंडल के महामंत्री बृजेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष नीरज कांत पाठक, विनोद कुमार वर्मा, सोशल मीडिया सहसंयोजक विधानसभा 288अनिल वर्मा, मंडल मंत्री एवं सभासद प्रतिनिधि हीरालाल मौर्य, मंडल मंत्री विवेक शर्मा, संतोष कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल कैसरगंज, अनिल सोनी अन्ना शक्ति केंद्र, संयोजक कुशमेश पाठक, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भगवान दास सोनी, बद्री बाबा, प्रफुल्ल राज सिंह, विनय प्रताप सिंह, शिवम सिंह (एडवोकेट) राम गोपाल वर्मा, गंगाराम बूथअध्यक्ष आनंद कुमार मौर्य, पवन जयसवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को रत्नेश्वर महादेव पर रही जलाभिषेक करने वाले भक्तों की भीड़



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता।** शिवमहापुराण में श्रावण मास भक्ति एवं शिव की कृपा पाने का श्रेष्ठ माह बताया गया है, जिसमें शिव की अविरल कृपा प्राप्त होती है। मैन बाजार स्थित प्रसिद्ध रत्नेस्वर महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार पर भक्तो की भारी भीड़ रही। मंन्दिर सेवायत गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया पूरे ब्रज मण्डल में सावन मास में भोलेनाथ के मंदिरो में पूजा करने वाले भक्तो की भीड़ रही , भगवान शिव को मनाने का सर्वोत्तम मास सावन ही है। सावन में दीपदान बेलपत्र से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न हो जाते है और अपने भक्तों की मनोकामना को पूर्ण कर देते है। शिव को उत्तरवाहिनी गंगा का जल अति प्रिय है। संन्ध्या काल में भोलेबाबा को रिझाने के लिये महिलाओ के द्वारा संकीर्तन किया जाता है।

# कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर में बकरी पालन का प्रशिक्षण प्रारंभ

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी पर 5 दिवसीय रोजगार परक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया था ।इस कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंड से 20 लोगों ने प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम में सम्मिलित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कैसे बकरी पालन से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं और उनकी आय में भी वृद्धि होगी, साथ ही साथ युवाओं को अपना व्यवसाय करने के लिए प्रोत्साहित भी किया ।केंद्र की पशुपालन वैज्ञानिक पूजा सिंह ने किसानों को बकरी पालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया ।इसमें भारत में बकरी पालन का परिदृश्य, बकरी की विभिन्न नस्लें, उनका प्रजनन प्रबंधन, पोषण प्रबंधन, दैनिक रख-रखाव, आवास प्रबंधन और मूल्य संवर्धन शामिल रहा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक प्रकाश सिंह ने बकरी पालन में रोजगार के अवसर और व्यवसाय से होने वाले लाभ पर किसानों से चर्चा की ।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से किसानों को व्यावसायिक बकरी पालन का ज्ञान मिलेगा और साथ ही साथ बकरी पालन में किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए इसपर भी चर्चा की जाएगी जिससे किसान बकरी पालन को अपनाकर बेहतर लाभ प्राप्त कर अपने जीवनस्तर को सुधार सकेंगे।

# सनातन सद्भावना संकल्प यात्रा का भव्य और सफल शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** ब्रह्मराष्ट्र एकम् विश्व महासंघ ट्रस्ट द्वारा आयोजित सनातन सद्भावना संकल्प यात्रा का प्रथम दिवस आस्था, उत्साह और समरसता की अद्भुत छवि बनाकर संपन्न हुआ। यात्रा का शुभारंभ प्रयागराज की पावन भूमि से हुआ, जो झूंसी, अंदावा, हनुमानगंज, सैदाबाद, हंडिया होते हुए बरौत तक पहुंची ।प्रकृति की असीम कृपा और भगवती शक्तियों के आशीर्वाद से यात्रा का प्रथम दिन अत्यंत मंगलमय रहा, जहाँ जनसैलाब ने स्वागत की गरिमा को और ऊँचा कर दिया ।जन-जन ने बढ़ाए कदम, किया अभिनंदन पूरे मार्ग पर स्थानीय नागरिकों, युवा समूहों, मातृशक्ति और संत समुदाय ने धार्मिक जयघोष, पुष्पवर्षा, शंखनाद और आरती से यात्रा का भव्य स्वागत किया ।यात्रा में गूंजता रहा उद्घोषः ₹जाति पाति के भ्रम को तोड़ो, सनातन एकता से नाता जोड़ो ।हम जो अनेक हैं, वो सब एक हैं।

# शोभायात्रा के साथ मां पथवारी मंदिर में विराजमान किए शेर



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/चौमुहां।** भक्तों ने अपनी मुराद पूरी होने पर चौमुंहा स्थित पथवारी मंदिर में पीतल के चार शेर मंदिर प्रांगण में विराजमान कराए। कस्बा में चारों के साथ शेरावाली की झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई पथवारी मंदिर पर सम्पन्न हुई। ग्रामीणों ने शोभायात्रा का जगह जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया। शिव जी तांडव करते हुए चल रहे थे। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। मंदिर के महंत दाऊजी भगत व पंडित हेमंत शर्मा ने बताया अलीगढ़ के भगत कपिल वार्ष्णेय व गोवर्धन के मुकेश ने अपनी मुराद पूरी होने पर मंदिर के लिए पीतल के चार शेर भेंट किए हैं। चेयरमैन सुषमा सिसौदिया, प्रतिनिधि कारे बाबा, शिवराम सिंह, मठरी, जस्सो, कुलदीप, जगन्नाथ सिंह, पुष्पेंद्र पहलवान, ओमवीर सिंह, गिर्राज सिंह, सियाराम भगत, लखन शर्मा, प्रेमपाल, हरिओम भगत, मुकेश सिंह, राजू सिंह, धनीराम आदि साथ चल रहे थे।

# ब्लड की कालाबाजारी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, गरीब-लाचारों को बना रहे थे ब्लड का एटीएम


**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे खौफनाक गिरोह का पदार्फाश किया है, जो गरीब, मजदूर, लाचार और नशे के आदी लोगों को पैसों का लालच देकर उनका खून निकालकर ब्लड बैंक के जरिए जरूरतमंदों को महंगे दामों में बेचता था। यह गिरोह लंबे समय से इस खतरनाक गोरखधंधे को अंजाम दे रहा था, जो अब पुलिस की सतर्कता से सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली पुलिस टीम 3 अगस्त की रात गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आईएमए ब्लड बैंक के पास कुछ लोग गरीब और नशेड़ी लोगों को पैसा देकर खून निकलवाने की जुगाड़ कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और चार लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए गैंग के सदस्यों ने पुलिस की पूछताछ में पूरे रैकेट का खुलासा कर दिया। फिल्हाल अभी तक जो नाम सामने आये हैं उनमें प्रेमनाथ पुत्र रामबूधा निवासी पुराना ताड़ीखाना, आजमनगर, धीरेन्द्र शर्मा पुत्र महेन्द्रपाल शर्मा निवासी इंदिरा नगर, अभय पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी अभयपुर, लाल फाटक, विनीत पुत्र रवीन्द्र कुमार निवासी अभयपुर, लाल फाटक के नाम शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि अभय और विनीत की ब्लड बैंक में पहले से जान-पहचान थी। ये लोग बाजार और रेलवे स्टेशन पर घूमते गरीबों व नशे के शिकार लोगों को 1000 से 2000 रुपये का लालच देकर ब्लड डोनेट करवाते थे और फिर उसे ऊंचे दामों में बेचते थे। आरोपियों ने खुद कबूल किया है कि वे इन लोगों को रिश्तेदार बताकर ब्लड बैंक ले जाते थे। पुलिस द्वारा पकड़े गए प्रेमनाथ ने बताया है कि वह ईपीएफ ऑफिस के सामने जूस की दुकान चलाता था। हाईस्कूल फेल होने के बाद यह काम शुरू किया, लेकिन ब्लड बैंक के दो कर्मचारियों से जान-पहचान होने पर उसने इस गंदे धंधे की शुरूआत की। धीरेन्द्र शर्मा, जो कि बीए तक पढ़ा है और पहले कूरियर का काम करता था, भी इसी लालच में शामिल हो गया। थाना कोतवाली में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपियों का कोई पुराना आपराधिक इतिहास फिल्हाल नहीं मिला है, लेकिन उनके द्वारा किया जा रहा अपराध समाज के लिए बेहद खतरनाक और अमानवीय है।

# कार के धक्के से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** कछवांरोड चौराहे (ठठरा) गांव के सामने हाइवे के सर्विस लेन पर सोमवार की शाम छह बजे कछवांरोड से बिहड़ा के तरफ जा रहे हीरो एचएफ डीलक्स सवार युवक को रांग साइड से आ रही वैगनआर कार ने सामने से जोरदार धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद वैगनआर सवार मिजार्मुराद की तरफ वाहन समेत भाग निकला। जानकारी के अनुसार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के जमवारी निवासी शिवम उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय उम्र (28) वर्ष बिहड़ा स्थित एक ढाबे पर काम करता है ढाबे से कछवांरोड चौराहा आया हुआ था वापस ढाबे पर बाइक से जा रहा था उसी समय रांग साइड से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने बाइक में सामने से जोरदार धक्का मार दिया ।जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।ग्रामीणों की सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी कछवांरोड गणेश पटेल ने गम्भीर रूप से घायल युवक को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेज दिया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया ।पुलिस मृतक के जेब में मिले मोबाइल की माध्यम से घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी।

# उपमुख्यमंत्री ने किया जिला अस्पताल बुलंदशहर का औचक निरीक्षण

डीके निगम संवाददाता

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को जिला अस्पताल बुलंदशहर का स्थलीय निरीक्षण किया और वहां की चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता, औषधि आपूर्ति व मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, पैथोलॉजी, फामेर्सी और एक्सरे कक्ष सहित विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत उपमुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्र सक्रिय रूप से संचालित




रहें ताकि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे। कुत्ते या सांप के काटे जाने की स्थिति में तत्काल वैक्सीन उपलब्ध कराई जाए। अस्पतालों में निःशुल्क औषधियों का समुचित वितरण हो, और दवा न मिलने पर संबंधित प्रभारी पर कड़ी कार्यवाही की जाए। आशा कार्यकताओं को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि वे आमजन को बेहतर सेवाएं दे सकें। राजकीय अस्पतालों की सेवाएं निजी अस्पतालों से बेहतर हों, जिससे अंतिम पायदान के व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा मिल सके। एम्बुलेंस सेवाएं समयबद्ध हों ताकि जीवनरक्षा संभव हो सके। निष्प्रयोज्य उपकरणों व वाहनों की शीघ्र नीलामी हो और अस्पतालों में साफ-सफाई व सौंदर्यकरण का विशेष ध्यान दिया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, हम सबका दायित्व है कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। जब समाज स्वस्थ होगा, तभी देश समृद्ध और विकसित बन सकेगा। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा देने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में प्रदेश को कुशल डॉक्टर मिल सकें।

इस मौके पर जिलाधिकारी श्रुति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपनिरीक्षक विनोद माल्यान जी का विदाई समारोह बना ऐतिहासिक

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ थाना देहात के उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त होने वाले श्रैद्धय विनोद माल्यान का विदाई समारोह दयाल रेजेंसी में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।विनोद माल्यान 1 फरवरी 2019 को हापुड़ आये जो मुजफ्फरनगर के ग्राम अब्दुलपुर के रहने वाले एक किसान स्व.श्री शेर सिंह जी के परिवार में जन्मे थे। उनकी शिक्षा अपने गांव के प्राइमरी स्कूल और स्नातक मुजफ्फरनगर के डी.ए.बी.कालेज में संपन्न हुई।देश सेवा की लगन ने उन्हें परिवार छोड़ने पर मजबूर कर दिया और वो 1987 में एक कांस्टेबल के पद पर आसीन हो गये,बाद में वो अपनी मेहनत और ईमानदारी के कारण उपनिरीक्षक पद पर आसीन रहे।कोरोना काल में इन्होंने अपने गांव में भीम पाठशाला और डा. बी.आर.अम्बेडकर लाइब्रेरी की बुनियाद रखी जिसमें आज सभी शहरी सुविधाएं उपलब्ध है।उनके इस अभियान में उनकी संगिनी मुनेश देवी ने हर कदम पर उनका साथ दिया।शहर के वरिष्ठ नागरिक,



सामाजिक कार्यकर्ता और संस्थाओं ने मिलकर उनके विदाई समारोह को एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।शहर का ये पहला आयोजन कहा जा सकता है जिसमें शहर के लोगों ने किसी को अपनी तरफ से इस कदर सम्मान की ऊंचाईयों तक बिठा दिया , जिसके विनोद माल्यान जी हकदार भी थे। उनका मिलनसार व्यक्तित्व और अम्बेडकरवादिता ने उन्हें इस शहर का रियल हीरो बना दिया था।इस कार्यक्रम का सफल और यादगार मंच संचालन देश विदेश में अपनी लेखनी का लोहा मनवाने वाले बेखौफ शायर डा.नरेश सागर ने किया और उनकी विदाई में एक गीत पढ़ा जिसको सुनकर सभी की आंखें नम हो गई थी....

# सावन का चौथा सोमवार: शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** भगवान शिव की उपासना के पवित्र माह सावन के चौथे सोमवार को नगर से लेकर देहात तक मंदिर और शिवालय हर हर बम बम जय भोलेनाथ के जयघोष से गूंज उठे।भक्तों ने शिवलिंग पर दुग्ध अभिषेक भी किया। उमस के बावजूद शिवभक्त जलाभिषेक के लिए घंटों कतार में लगे रहे। दिनभर भोग प्रसाद के वितरण के साथ ही भंडारे का आयोजन हुआ शिवालयों के आसपास सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे सावन माह के चौथे सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही।शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को गाय का कच्चा दूध दही घी शहद गंगाजल जनेऊ मिष्ठान शक्कर गंगाजल गन्ने का रस फल फूल पंचामृत, भांग बेलपत्र अबीर दीप रोली वस्त्र धतूरा गुलाल व चंदन अर्पित कर अपने सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की।जगह-जगह भंडारे लगे जलाभिषेक के दौरान मंदिरों में पुलिस की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सावन मास भगवान की आराधना के लिए खास होता है। इसमें सोमवार का भी विशेष महत्व होता है। चौथा सोमवार होने के कारण शिवभक्त भोर से ही मंदिरों के बाहर पहुंचने शुरू हो गए।शिकारपुर बड़ा महादेव मंदिर,बरासऊ शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शिव भक्त पहुंचे।मान्यता है कि सावन में आने वाले सोमवार को भगवान शिव का विधि विधान से व्रत रखकर जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। वही सभी शिवालयों पर सुरक्षा के चलते पुलिस व्यवस्था चौकस रही।

# ग्राम पंचायत बंगौली में नव नियुक्त कार्यवाहक प्रधान का ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर किया जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के विकास खंड सिम्भावली के ग्राम पंचायत बंगौली में प्रधान पद से अरविन्द कुमार के त्यागपत्र के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत सदस्य सुश्री शीतल रानी को नवनियुक्त कार्यवाहक ग्राम प्रधान मनोनीत किया है। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति पंचायत राज अधिनियम 1947 (संशोधित 1994) की धारा 12-अ के अंतर्गत अस्थायी व्यवस्था के रूप में की गई है।गौरतलब रहे कि अरविन्द कुमार,जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित प्रधान पद पर निर्वाचित थे। अब शासकीय सेवा में



नियुक्त हो चुके हैं। उन्होंने 1 जुलाई 2025 को अपना त्यागपत्र अध्यक्ष जिला पंचायत को सौंपा था। जिसे 8 जुलाई को स्वीकृत कर लिया गया। नवनियुक्त कार्यवाहक प्रधान शीतल रानी ने 4 जुलाई 2025 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ग्राम प्रधान का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाएं पहना कर जोरदार स्वागत कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।इस अवसर पर स्वागत समारोह में कार्यक्रम में सुमन देवी, डॉ. करण सिंह, देवीशरण, किरण सिंह, सुन्दर सिंह, मा० सुखवीर, कन्छीद, दिपाश कुमार, प्रियान्य, अवदेश, वीर सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# स्लग हापुड़ में सड़क हादसे में होमगार्ड जवान की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र से है। जहां रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में होमगार्ड जवान परमिंद्र की मौत हो गई।हादसा उस समय हुआ जब सिंभावली थाने के धनपुरा गांव निवासी परमिंद्र अपनी बाइक से हापुड़ कोतवाली में ड्यूटी के लिए जा रहे थे।बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में उपेड़ा फ्लाईओवर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।परमिंदर को हापुड़ के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से उनके परिवार और सहकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई है।परमिंदर के चार बच्चे हैं, दो लड़की, दो लड़के चारों ही बच्चे अविवाहित बताए जा रहे है।परमिंदर की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर महिलाओं को बनाया बंधक, की लूटपाट, पुलिस बता रही चोरी



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर में रविवार देर रात तीन नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना के वक्त घर में केवल महिला और दो छोटे बच्चे मौजूद थे, जबकि परिवार के पुरुष सदस्य कांवड़ यात्रा में गंगाजल लेने गए हुए थे। बदमाश छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और तमंचे की नोक पर घरवालों को बंधक बनाकर लूटपाट की। लूट की सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा परिवार वालों से पूछताछ के दौरान सामने आया है कि मामला लूट का नहीं चोरी का है। दरअसल यह घटना संजय नगर के गोसाईं गोटिया इलाके की है, जहां रिलायंस टावर वाली गली में रहने वाले परिवार के घर बदमाश करीब तीन बजे घुसे और घर से कीमती सामान और नकदी लेकर फरार हो गए हैं। घटना के बाद परिवार दहशत में है और आस-पड़ोस में भी डर का माहौल है। मामले की जानकारी मिलते ही बारादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया है कि मामला चोरी का है, लूट की पुष्टि नहीं हुई है। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# जिलाधिकारी ने भारी वर्षा के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्डो का किया निरीक्षण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा जनपद में हो रही भारी वर्षा के दृष्टिगत नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के स्थलों यथा देवकली, पितई का पुरवा, स्टेशन रोड, सिनेमा रोड, बाबागंज, सदर बाजार, आजाद नगर, दहिलामऊ आदि नगरीय क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय दहिलामऊ में टेलीफोन एक्सचेंन्ज के पास जलभराव को मशीन द्वारा निकाला जा रहा था, इस सम्बन्ध में डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यहां पर जल निकासी की व्यवस्था निरन्तर जारी रखी जाये जिससे नागरिकों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि



वर्षा बाद जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था हेतु नाला निर्माण का प्रस्ताव तैयार कराया जाये। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार को निर्देशित किया कि वे सम्बन्धित के साथ समस्त वार्डो का निरीक्षण नियमित रूप से करते रहे और जहां पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो वहां पर जल निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त स्थानीय निकायों में जल भराव की समस्या से निपटने हेतु जल निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिये समस्त उपजिलाधिकारियों/ अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्षा के दृष्टिगत जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु जल निकासी की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करायें और नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे। यहाँ यह गौरतलब है कि लगातार तीन दिन? से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त है । किसान भारी बारिश से परेशान है । गावो मे एक तरफ विधुत व्यवस्था चरमराई हुई है तो वही साप बिच्छू जैसे जहरीले जीवो से लोग परेशान है । जिले मे बारिश का कहर कुछ ?सा है कि जिले के एस पी आफिस के बाहर भी पानी भर गया है ।तीन दिन कि इस बारिश ने जनप्रतिनिधियो के विकास के दावो की हवा निकाल दी है।

# ड्रोन संबंधी अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रमक खबर प्रसारित करने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त से सख्त कार्यवाही/जिलाधिकारी अभिषेक पांडे




वेलकम इडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़/डीएम अभिषेक पांडे एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा शासन आदेशानुसार जनपद के सभी पत्रकार बंधुओ के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में गोष्ठी आयोजित कर ड्रोन कैमरे से संबंधी अफवाहें फैलाने एवं भ्रमक खबरें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। आयोजित संगोष्ठी के दौरान डीएम अभिषेक पांडे, एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने सभी पत्रकार बंधुओ से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी फेक न्यूज सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित न करें। अफवाहें फैलाने वालों पर सख्त निगाह रखते हुए पुलिस को सूचित करें। यदि किसी भी व्हाट्सएप ग्रुप पर अफवाह से संबंधित खबर प्रसारित की जाती है। तो ग्रुप एडमिन के विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। और साथ ही जनता जनार्दन से भी अपील की गई है किसी भी गली मोहल्ले में कोई संदिग्ध व्यक्ति प्रतीत होता है इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। कानून अपने हाथ में लेकर उसके साथ मारपीट बिल्कुल ना करें।अन्यथा मारपीट करने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगनाइजेशन की बैठक में पेंशनरों की समस्याओं के समाधान को लेकर हुआ विचार मंथन

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगनाइजेशन की स्टेशन रोड स्थित एक होटल में बैठक हुई।बैठक मेंसंगठन द्वारा अपनी लंबित समस्याओं का समाधान नही होने, सरकार द्वारा पेंशनरों की लंबित मांगो का अब तक निराकरण नही होने पर नाराजगी जताई।बैठक में वरिष्ठ पेंशनर कर्मियों की पेंशन में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई के चलते पेंशनरों की स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने गोल्डन कार्ड का लाभ और अन्य भत्ते सहित उचित



व्यवस्थाए पेंशनरों को दिए जाने की मांग की।गवर्नमैंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगनाइजेशन की बैठक में लंबित मांगों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने 65 साल बाद पेंशन में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सँगठन आंदोलित हैं, लेकिन सरकार पेंशनरों की अनदेखी कर रही है, लेकिन वह भी चुप नहीं रहेंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनरों से उनकी पेंशन से हर महीने राशि काटी जा रही है पर गोल्डन कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्होंने काटी गई राशि वापस दिलाने और भविष्य में राशि नहीं काटने की मांग की।वक्ताओं ने कहा कि 65 साल से 70 साल की उम्र वालों की पेंशन में पांच प्रतिशत, 70 से 75 दस प्रतिशत तथा 75 से अधिक उम्र वालों के पेंशन में 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की मांग की है। महंगाई चरम पर है। यदि उनकी पेंशन में बढ़ोत्तरी नहीं की गई तो वह चुप नहीं बैठेंगे। यहां पहुंचने पर संगठन के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष बचे सिंह रावत, महामंत्री पान सिंह रौतेला, संरक्षक शेर सिंह धपोला का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नये पेंशनरों को संगठन से जोड़ा गया। सीनीयर पेंशनरों को भी सम्मानित किया।

# विद्यालय को अन्यत्र शिफ्ट करने की सुगबुगाहट से ग्रामीण नाराज

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लीली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लीली व खन्यारीन को क्लस्टर पद्धति के आधार पर अन्यत्र शिफ्ट किए जाने की सुगबुगाहट पर लीली के ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने इसके विरोध में जिला मुख्यालय पहुंचकर अपना विरोध जताया और जनता दरबार मे पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि छात्रों का भविष्य अंधकारमय नहीं होने दिया जाएगा।और पूर्व के आधार पर ही विद्यालय में कक्षाओं का संचालन करने को सभी अभिवावक



विरोध में एकजुट हो जाएंगे।अपनी एकसूत्रीय मांग को लेकर लीली के ग्रामीण वाहनों में बैठकर लगभग50 किमी दूर जिला मुख्यालय पहुंचे और अपने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां वक्ताओं ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि सरकार व शिक्षा विभाग उनके गांव के तीन स्कूलों को अन्यत्र शिफ्ट करने जा रही है।इससे उनके सामने बच्चों को पढ़ाने का संकट पैदा हो जाएगा। उनका गांव पहले से ही आपदाग्रस्त है। वह किसी तरह बच्चों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन यदि विद्यालय का अन्यत्र विलय हुआ तो बच्चों का स्कूल छह से आठ किमी दूर हो जाएगा। गांव में रह रहे गरीब लोग परेशान हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ शिक्षा का अधिकार अधिनियम कानून बना रही है वहीं दूसरी ओर उनके बच्चों को पढ़ाई से दूर किया जा रहा है। गांव पहले से पलायन के दंश से जूझ रहा है। यदि स्कूल बंद हुए तो पलायन और बढ़ेगा।

# डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लहराया परचम

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल, मोदीनगर के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग के लिए शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर (मुजफ़्फ़रनगर) में 26 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के 150 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। बालक वर्ग में -माधव गुप्ता (कक्षा 10-ई) ने अंडर-17 कैटेगरी में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया। फाइनल मुकाबले में उनका सामना उत्तराखंड की अलक्ष्य पब्लिक स्कूल से हुआ। केशव गुप्ता (कक्षा 10-ए) ने अंडर-17 कैटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने ब्लू बर्ड इंटरनेशनल स्कूल को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 30 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक एसजी पब्लिक स्कूल, वसुंधरा सेक्टर-15, गाज़ियाबाद में संपन्न हुई, जिसमें 100 स्कूलों ने भाग लिया। प्रेक्षा चौधरी (कक्षा 9-एच) ने अंडर-17 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने मॉन्टफोर्ट स्कूल, रुड़की (हरिद्वार) को हराया। सृष्टि तोतिया (कक्षा 10-एच) ने अंडर-19 कैटेगरी में रजत पदक जीतते हुए ब्रेनज एजु वर्ल्ड स्कूल, मेरठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। अर्शिता परवार (कक्षा 9-बी) ने अंडर-17 कैटेगरी में कांस्य पदक अर्जित किया। उनका मुकाबला मयूर स्कूल, सेक्टर 126, नोएडा से हुआ। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या सुश्री पूजा शर्मा ने कोच सुमित और सभी विजेता खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना की तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाते हैं।

# उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी के बच्चों ने ताईक्वांडो प्रतियोगिता में 6 मेडल प्राप्त किए




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी जो कि दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मे स्थित है से 12 बच्चो ने सीबीएसई क्लस्टर ताईक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे से 6 बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6 मेडल प्राप्त किए। जिनमे एक मिस प्रेक्षा ने उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच रेशव चौहान के निर्देशन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अन्य छात्रो में अर्नव भारद्वाज ने ब्रोंज, विजित कुमार ने ब्रोंज , केशव गुप्ता ने ब्रोंज , माधव गुप्ता ने सिल्वर मेडल ,और बंश शर्मा ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किए। उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी अपने सभी विजेताओं का हार्दिक अभिनंदन करती है और उनके उज्जल भविष्य कि कामना करते हुए उनके माता पिता को बधाई देती है।

# 1857 की क्रांति में सीकरी खुर्द एवं मोदीनगर क्षेत्र के योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऐतिहासिक ग्राम चुड़ियाला (मोदीनगर, गाज़ियाबाद) में राष्ट्रीय देहात मोर्चा के तत्वावधान में ₹1857 की क्रांति में सीकरी खुर्द एवं मोदीनगर क्षेत्र का योगदान₹ विषय पर एक विचार गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला संयोजक गजेंद्र प्रधान चुड़ियाला द्वारा किया गया। विचार गोष्ठी का संचालन मोर्चा के महासचिव प्रिंसिपल मंतराम नागर (मथुरापुर) ने किया तथा अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी महावीर सिंह (धनतला, मेरठ) ने की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुमनाम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी में जिन्होंने सर्वस्व न्यौछावर किया, उन्हें अभी तक समुचित सम्मान नहीं मिला है। सरकारी उपेक्षा के बावजूद देहात मोर्चा ऐसे शहीदों के नाम उजागर कर, उन्हें सम्मान दिलाने के लिए संकल्पित है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राव संजय सिंह ने कहा कि मोर्चा पिछले 32 वर्षों से समाज के वंचित वर्ग, किसानों, नौजवानों एवं गुमनाम शहीदों के सम्मान को लेकर निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने जागरूक युवाओं से आह्वान किया कि वे मोर्चा की विचारधारा से जुड़कर एक व्यापक जन आंदोलन तैयार करें। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एडवोकेट विजेंद्र कसाना ने कहा कि देशभक्तों के साथ छल करने का कार्य कई सरकारों द्वारा किया गया है और उनके इतिहास को जानबूझकर दबाया गया है। साथ ही गांव-देहात के लोगों को महंगी शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखकर उनके साथ अन्याय किया गया है।

# आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिन जड़ी-बूटी दिवस के रुप में बड़ी धुमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज का जन्म दिन जड़ी-बूटी दिवस के रुप में बड़ी धुमधाम से मनाया गया। परम पूज्य आचार्य बालकृष्ण महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर पतंजलि वैलनेस सेन्टर मोदीनगर में योग, यज्ञ-हवन और 300 औषधीय पौधा वितरण किया गया। स्वामी आरोग्यदेव जी पतंजलि वैलनेस सेन्टर मोदीनगर (सेवा प्रमुख्य) ने यज्ञ हवन कराने के बाद सभी को बताये कि घर में जड़ी-बूटीयों व योग का आश्रय नहीं लेंगे तो बीमारियों का आश्रय आप स्वयं बनेंगे। पतंजलि प्रकृति, संस्कृति व विज्ञान की त्रिवेणी का संगम हैं। आचार्य श्री के द्वारा आयुर्वेद पर पौधों का औषधियगुण के साथ 109 भाग में अलग-अलग समय में प्रकाशित हुऐ है। जिसमें पूरे विश्व के औषधिय पौधे के औषधियगुण लिखा है। इसमें सभी पौधों को संस्कृत श्लोक, छंद, गद्य, पद्य के रुप में प्रकाशित किया गया हैं जिसका प्रकाशन प्रधानमत्री के द्वारा किया गया है। रामकिशोर अग्रवाल पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण के योगदान के द्वारा आज घर घर में गिलोय, तुलसी, नीम, हल्दी, हरसिंगार आदि पौधो को घर के गमला में लगाते है।

आजकल अलग अलग जूस बनाकर सेवन भी करते है ये सभी पतंजलि को श्रेय जाता है। यह सेन्टर इस क्षेत्र के लिए वरदान हैं। परम पूज्य श्री श्री 1008 दण्डी स्वामी रामदेव आश्रम सीकरी कलां से आकर आशीर्वाद दिये। पप्पन शर्मा,सुरमेश शर्मा पूर्व प्रधान, राजेन्द्र कौशिक, प्रेमचन्द्र सैनी, तेजपाल पोसवाल आदि व्यक्ति की उपस्थिति में जडी-बुटी दिवस बड़ी उत्साह के साथ मनाया गया।

# पीबीएएस इंटर कॉलेज में सीनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया संपन्न



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** 35 यू पी बटालियन एनसीसी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पीयूष कुमार सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल रामपाल दहिया के निदेर्शानुसार तुलसीराम माहेश्वरी पी बी ए एस इंटर कॉलेज मोदीनगर में सीनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स की भर्ती कराई गई। भर्ती प्रक्रिया में कक्षा 11 के छात्रों ने प्रतिभाग किया। नायब सूबेदार अफ्तार हुसैन, हवलदार पवन व हवलदार पवन कुषाल ने छात्रों की शारीरिक दक्षता कर दौड़, नाप-तोल ,पुश-अप , सिट-अप, मौखिक व लिखित परीक्षा कराकर चयन प्रक्रिया पूर्ण की । प्रधानाचार्य श्यामलाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें देश और समाज के प्रति निस्वार्थ भावना से समर्पित रहना चाहिए । एनसीसी ऑफिसर कैप्टन रजनीश कुमार ने छात्रों को एनसीसी के उद्देश्य एकता और अनुशासन व एनसीसी के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले लाभों से अवगत कराया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्यामलाल, मोहम्मद खालिद अली, कृष्ण गोपाल वर्मा, राजेश, पंकज ,जयवर्धन, अनिल शर्मा कैडेट्स अतुल, लखन देव, आयुष, मनीष आदि का पूर्ण सहयोग रहा ।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट खंडपीठ की स्थापना हेतु ज्ञापन सोपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग को लेकर बार एसोसिएशन मोदीनगर के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया गया। बार एसोसिएशन मोदीनगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ की स्थापना की पुरजोर माँग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जिसकी जनसंख्या लगभग 7 करोड़ है, को न्याय प्राप्ति हेतु इलाहाबाद स्थित हाईकोर्ट तक जाना पड़ता है जो कि लगभग 600 से 700 किलोमीटर दूर है। इतनी अधिक दूरी के कारण आम जनता, अधिवक्ताओं, पत्रकारों व न्यायिक अधिकारियों को भारी असुविधा होती है, जिससे सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त करना कठिन हो गया है। बार एसोसिएशन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा न्याय आपके द्वार एवं सुलभ न्याय की नीति के अंतर्गत यह आवश्यक हो गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तत्काल हाईकोर्ट खंडपीठ की स्थापना की जाए। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि समय रहते कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो अधिवक्ताओं एवं जनता द्वारा तीव्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# पत्रकारों की आवाज उठाएगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन : जिलाध्यक्ष शम्भूनाथ पुरोहित

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (उ0प्र0) हाथरस की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। यह घोषणा हाथरस के बुर्ज वाला कुआं स्थित स्पाइसी रेस्टोरेंट में आयोजित एक बैठक के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शम्भूनाथ पुरोहित ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पत्रकारों के हितों की रक्षा करना और संगठन को मजबूत बनाना था। नवगठित कार्यकारिणी में पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष विष्णु नागर, जिला उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, जिला महामंत्री गोविंद चौहान, जिला मंत्री हरीबाबू सिंह, कोषाध्यक्ष राजू शर्मा, संगठन मंत्री मुकेश शर्मा, प्रचार मंत्री उमाकांत पुंढीर, कार्यकारिणी सदस्य आकाश शर्मा और मुकेश यादव, सदस्य कृष्णकांत गुप्ता और छोटू पुरोहित को मनोनीत किया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शम्भूनाथ पुरोहित ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह संगठन ग्रामीण पत्रकारों के लिए एक मजबूत स्तंभ की तरह काम करता रहेगा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ग्रामीण पत्रकार समाज का एक अभिन्न अंग हैं और उनकी भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता।

# जाति-धर्म आधारित कार्यवाही आदेश पर मुख्यमंत्री योगी का एक्शन, आदेश रद्द, पंचायती राज विभाग का संयुक्त निदेशक निलंबित

वेलकम इंडिया

- भेदभावपूर्ण आदेश पर मुख्यमंत्री सख्त, कहा, पूर्वाग्रह से प्रेरित नहीं हो सकती सरकार की नीति
- मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला : जातीय-धार्मिक आधार पर कार्रवाई को बताया अस्वीकार्य
- संविधान विरोधी आदेश पर जीरो टॉलरेंस : पंचायती राज के संयुक्त निदेशक निलंबित

**लखनऊः-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायती राज विभाग द्वारा जारी उस विवादास्पद आदेश पर सख्त नाराजगी जताई है, जिसमें ग्रामसभा की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही को जाति विशेष (यादव) और धर्म विशेष (मुस्लिम) से जोड़कर निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री ने संबंधित आदेश को ₹पूर्णतः भेदभावपूर्ण और अस्वीकार्य₹ करार देते हुए उसे तत्काल प्रभाव से रद्द करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए संबंधित संयुक्त निदेशक एसएन सिंह को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि इस प्रकार की भाषा और सोच न केवल शासन की नीतियों के विरुद्ध है, बल्कि समाज में विभाजन पैदा करने वाली है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध कब्जों के खिलाफ कार्यवाही पूरी निष्पक्षता, तथ्यों और कानून के अनुसार होनी चाहिए, न कि जाति या धर्म के आधार पर। उन्होंने अधिकारियों को इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति नहीं होने देने की चेतावनी भी दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि सरकार समरसता, सामाजिक न्याय और सबके समान अधिकारों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार की नीतियां किसी व्यक्ति, समुदाय या वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह से प्रेरित नहीं हो सकतीं। हमारी प्रतिबद्धता संविधान और न्याय की मूल भावना के प्रति है।

# मेरठ को मिली नई टाउनशिप परियोजना की सौगात

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने यहां प्रदेश की पहली न्यू टाउनशिप परियोजना की आधारशिला रखी, जिसे शहर के समग्र विकास की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल मेरठ के लिए बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अब मेरठ के लोग आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास, उद्योग और व्यापारिक केंद्र एक ही जगह पर पा सकेंगे, उन्होंने कहा। सभी जोन एक जगह, सुविधाजनक जीवनशैली इस टाउनशिप के तहत आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्र एक ही स्थान पर विकसित किए जाएंगे, जिससे नागरिकों को दैनिक जरूरतों के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। यह एकीकृत विकास मॉडल स्मार्ट सिटी अवधारणा को मजबूती देगा और मेरठ को आधुनिक शहरों की सूची में शामिल करेगा। सरकार का दावा है कि इस परियोजना से न केवल आवास की समस्या का समाधान होगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टाउनशिप से जुड़ी नीतियों को इस तरह बनाया गया है कि आम नागरिक को कम खर्च में बेहतर जीवनशैली मिल सके। इसी मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर एक और घोषणा की। प्रदेश की महिलाओं को त्योहार के दो दिनों तक रोडवेज बसों में मुफ्त सफर की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा 24 और 25 अगस्त को लागू होगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना मेरठ को नई पहचान देने का काम करेगी।

# बुलंदशहर में गरजे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सोमवार को बुलंदशहर दौरे के दौरान समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। पीडीए पाठशाला मामले में सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ₹बच्चों, नौनिहालों के मन में सियासत घुसाना घोर अपराध है। समाजवादी पार्टी पूरी तरह 'डिरेल' हो चुकी है, उन्हें यह भी नहीं मालूम कि क्या करना है और क्या नहीं। आने वाले समय में सपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।₹ उन्होंने कहा कि यूपी सरकार बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में लगी है जबकि सपा राजनीतिक स्वार्थ के लिए उन्हें भ्रमित कर रही है। अखिलेश यादव के जलभराव पर तंज का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने पलटवार किया कि, ₹हमारी सरकार गांव-गांव, शहर-शहर जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है, जबकि सपा के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश को लूट और अराजकता का अड्डा बना दिया गया था।

# पुलिस आयुक्त ने रवाना की अत्याधुनिक 20 पेट्रोलिंग बाइकें

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक और मजबूत कदम उठाते हुए गाजियाबाद पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ ने सोमवार को तकनीकी रूप से सुसज्जित 20 नई पेट्रोलिंग मोटर साइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम थाना इंदिरापुरम परिसर में आयोजित किया गया, जहां इन अत्याधुनिक दोपहिया वाहनों को औपचारिक रूप से पुलिस बेड़े में शामिल किया गया। ये नई मोटरसाइकिलें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, जो गाजियाबाद में पुलिस की उपस्थिति और प्रतिक्रिया समय को और बेहतर बनाएंगी। इनमें हाई-विजिबिलिटी एलईडी लाइट्स, इंटीग्रेटेड पुलिस बीकन, रिफ्लेक्टिव मार्किंग और कॉम्पैक्ट पब्लिक एड्रेस सिस्टम जैसी विशेषताएं शामिल हैं। इससे ये बाइकें दिन और रात दोनों समय में अधिक प्रभावी साबित होंगी और किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस कर्मियों को तत्काल जनसंपर्क व निर्देश देने में



सहायता करेंगी। इन 20 बाइकों को शहर के प्रमुख और संवेदनशील इलाकों में तैनात किया जाएगा, जहां चार पहिया वाहन आसानी से नहीं पहुंच सकते। त्योहारों, बाजारों और पिक ऑवर समय में ये दोपहिया वाहन पुलिस की गश्त को अधिक गतिशील, फुतीर्ला और परिणामदायी बनाएंगे। पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ ने कहा कि ये मोटरसाइकिलें केवल ट्रांसपोर्ट नहीं, हमारी प्रतिबद्धता और तत्परता का प्रतीक हैं। तकनीक आधारित और जन-विश्वास पर केंद्रित पुलिसिंग ही आज की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि शेष बची दोपहिया वाहनों का भी आधुनिकीकरण जल्द किया जाएगा, जिससे 100 प्रतिशत पेट्रोलिंग बाइकों को तकनीकी रूप से उन्नत किया जा सके।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटिल और सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को भविष्य की जरूरत बताया और कहा कि इससे न सिर्फ अपराध पर नियंत्रण होगा, बल्कि आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा भी और मजबूत होगा। इस नई पहल को न केवल आमजन, बल्कि पुलिसकर्मियों द्वारा भी सराहा जा रहा है। यह कदम गाजियाबाद को एक स्मार्ट और सुरक्षित शहर की ओर ले जाने में निर्णायक साबित होगा। पुलिस कमिश्नरेट की यह पहल आने वाले समय में पूरे प्रदेश के लिए एक मॉडल के रूप में उभरेगी।

# सिविल डिफेंस में प्रशिक्षण सभी के लिए जरूरी : अमित श्रीवास्तव



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिविल डिफेंस सरकारी स्तर पर जनसेवा का एक माध्यम है, इसलिए सभी वार्डन समय समय पर होने वाले प्रशिक्षण का हिस्सा अवश्य बनें तथा लोगों को भी आत्मसुरक्षा एवं दूसरों की रक्षा के लिए प्रेरित करें। यह बात सिविल डिफेंस के कलेक्ट्रेट प्रभाग के आईसीओ अमित श्रीवास्तव ने पोस्ट 7 की मासिक बैठक के दौरान रखी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने गत दिनों पोस्ट 7 के द्वारा विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की समीक्षा भी की। उन्होंने हाल ही में वीवीआईपी सोसायटी में हुई मॉक ड्रिल के दौरान सभी वार्डनों की सक्रिय भूमिका की सराहना की। कांवड़ ड्यूटी के दौरान गौरवदत्त शर्मा द्वारा गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचा कर उसे प्राथमिक उपचार दिलाने तक जिम्मेदारी पूरी करने के लिए विशेष रूप से सराहा गया। बैठक में पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया । बैठक में डिप्टी पोस्ट वार्डन पल्लवी शर्मा, सेक्टर वार्डन गौरव दत्त शर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, नीतू गर्ग, निखिल गर्ग, अनामिका अग्रवाल, गगन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## भारी बारिश में भी पारियों के हिसाब से वार्डेन्स पीली जैकेट में ड्यूटी देते



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के लिये अपर जिलाधिकारी नगर मुरादाबाद के द्वारा मुरादाबाद के सभी मन्दिरों में नागरिक सुरक्षा के वार्डेंस की ड्यूटियां कांवड़तियों के सहयोग एवम शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु लगाई गईं थीं। जिसके अंतर्गत आज श्री कामेश्वर नाथ मंदिर चौरासी घंटा एवम् झारखंडी मंदिर किसरौल में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए विशेष प्रबंध किया गया था। भारी बारिश में भी पारियों के हिसाब से वार्डेन्स पीली जैकेट में ड्यूटी देते रहे। व्यवस्था में दो बार महामहिम राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति, अरशद अली, सूरज प्रकाश, आशीष त्रिवेदी, विजेश शर्मा, हरध्यान सिंह, अनिल रस्तोगी, संजय गुप्ता, नजाकत अली, गौरव कुमार, आरिफ हुसैन, सागर सक्सैना, राहुल प्रजापति, महेश चंद, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में व्यापक विकास कार्य प्रगति पर

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** औद्योगिक क्षेत्र, गाजियाबाद में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु विविध विकास कार्य प्रगति पर हैं। इस क्रम में 14.92 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसमें अब तक 40% कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके साथ ही 14.75 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 6.17 करोड़ रुपए की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य भी प्रगतिव्रत है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन झाड़ू लगाना, नालियों की सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं कूड़ा उठाने के कार्य सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त 2.30 करोड़ रुपए की लागत से वार्षिक अनुरक्षण (अल्लल्ल४ह्ल ट्रंल्लशेल्लंल्लू) का कार्य प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं का सतत रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की समग्र जल निकासी व्यवस्था को वैज्ञानिक ढंग से सुधारने हेतु ककळ बॉम्बे द्वारा नालियों



का डिजाइन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी अनुमानित लागत 47 करोड़ रुपए है। यह कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, जिससे वर्षा जल निकासी में आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। उक्त समस्त कार्य उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वढरकऊअ) के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में संपन्न कराए जा रहे हैं, जिससे औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर उद्यमियों एवं श्रमिकों को एक स्वच्छ, सुलभ एवं सुरक्षित औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



## हिन्दू युवा वाहिनी के मेरठ प्रभारी विवेक सिंह का कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** :-हिन्दू युवा वाहिनी उत्तर प्रदेश के मेरठ बरेली मंडल प्रभारी ठाकुर विवेक सिंह का जन्मदिन हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने धूमधाम से उनके निवास जाकर मनाया। इस मौके पर संगठन में गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष राकेश कोरी और उपाध्यक्ष गौरव नंदा ने अपनी टीम के साथ जाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और ईश्वर से ठाकुर विवेक सिंह की लम्बी आयु की प्रार्थना की इस मौके पर संगठन के ऊजार्वान कार्यकर्ता जिसमें नंदग्राम अध्यक्ष राहुल वर्मा, रक्षित खाना, मधुकर कात्याल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सरकारी दावों की खुली पोल, स्कूलों में दरारें, गिरी टंकियां, टूटी छतें और खतरे की अनदेखी


वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सरकार भले ही सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर सुविधाएं देने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत गाजियाबाद के प्राथमिक विद्यालयों में इससे कोसों दूर है। जिलेभर के कई स्कूलों की इमारतें जर्जर हालत में हैं, जिनके नीचे बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सिस्टम की यह उदासीनता अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुकी है। मोदीनगर के गांव शाहजहांपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की दीवारें जगह-जगह से उधड़ी हुई हैं। टाइल्स टूटी हैं, शौचालय बदबूदार और गंदगी से भरे हैं। स्कूल परिसर में झाडियां उगी हैं, जिनसे बरसात के मौसम में सांप-बिच्छू और अन्य कीटों का खतरा बना रहता है। बिजली के स्विच टूटे हैं, बल्ब के होल्डर बाहर निकले हुए हैं, छत से प्लास्टर झड़ रहा है। बाहर की रंगाई से भ्रम पैदा किया गया है, लेकिन भीतर की हालत बदतर है। ट्रांस हिंडन के कड़कड़ मॉडल स्थित कंपोजिट विद्यालय में पानी की टंकी टूटी पड़ी है।

## मोदीनगर की 17,000 वर्गमीटर की अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने सोमवार को मोदीनगर के ग्राम रोरी स्थित एक बड़ी अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर साफ संदेश दे दिया कि बिना अनुमति के कोई भी निर्माण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करीब 17,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली इस कॉलोनी में सड़कों, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस सहित तमाम निर्माण कार्यों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्यवाही



उपाध्यक्ष अतुल वत्स के स्पष्ट निर्देशों के तहत एवं प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में की गई। कॉलोनी को श्री मुकेश ठाकुर, श्री गौरव चौहान, मैसर्स एम.जी. प्रॉपर्टीज, श्री जितेंद्र कुमार और श्री सुनील व्यास सहित कई लोगों द्वारा खसरा संख्या 922, 923 व 924 पर अनधिकृत रूप से विकसित किया जा रहा था। जब ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू हुई, तो निर्माणकताओं द्वारा जमकर विरोध किया गया। लेकिन पुलिस बल एवं प्रवर्तन दस्ते की सतर्कता और दृढ़ता के चलते कार्यवाही को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन जोन-2 के प्रभारी अधिकारी ने दो टूक चेतावनी दी कि भविष्य में बिना नियमानुसार अनुमति के किया गया कोई भी निर्माण बिलकुल नहीं बख्शा जाएगा।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं ने किया गंगाजल से जलाभिषेक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सावन मास के अंतिम सोमवार को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का ऐसा जनसैलाब उमड़ा, जिसने इतिहास रच दिया। रात्रि 10 बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं और सुबह होते-होते गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात समेत देश के कोने-कोने से लाखों शिवभक्त भगवान दूधेश्वर के दर्शन और जलाभिषेक हेतु मंदिर पहुंचे। इस पावन अवसर पर मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, जो कि श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता और दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष भी हैं, के सान्निध्य में भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार व अभिषेक संपन्न हुआ। महाराजश्री द्वारा की गई व्यवस्थाएं इतनी सुव्यवस्थित और अनुशासित थीं कि इतनी विशाल भीड़ के बावजूद किसी भी श्रद्धालु को दर्शन या पूजा में कोई असुविधा नहीं हुई। रात्रि 12 बजे जैसे ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोले गए, पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। रात्रि 3 बजे प्राचीन देवी मंदिर द्वारका पुरी दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने विशेष धूप-दीप आरती की और भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए। शाम 7 बजे पुनः भगवान का भव्य श्रृंगार, आरती और छप्पन भोग का आयोजन हुआ, जिसे देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। पूरे दिन मंदिर में वीवीआईपी श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने स्वयं भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की, जिनका स्वागत श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने किया।

# जैन मंदिर वैशाली में आयोजित साइबर चौपाल में आमजन को ठगी से बचने के दिए टिप्स

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस अब केवल अपराधियों की धरपकड़ तक सीमित नहीं, बल्कि आम जनता को तकनीकी युग की सबसे बड़ी चुनौती साइबर ठगी से बचाने के लिए भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर जे. रविन्दर गौड़ के निर्देश पर सोमवार को ₹साइबर चौपाल₹ अभियान के तहत वैशाली सेक्टर-3 स्थित जैन मंदिर में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने की, जिसमें थाना कौशांबी पुलिस, साइबर सेल, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। संगोष्ठी में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि अब लड़ाई सिर्फ सड़कों पर नहीं, बल्कि मोबाइल स्क्रीन और बैंक खातों के भीतर लड़ी जा रही है। आम नागरिक को सजग और जागरूक बनाकर ही हम इन साइबर अपराधियों की चालों को विफल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जैसे फर्जी बैंक कॉल, नकली ई-चालान, फेक जॉब ऑफर, क्यूआर कोड स्कैम, लालच भरी स्कीम्स आदि। जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

